आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक 218- ● जबलपुर ● गुरुवार, 9 सितम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष -3 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935




# हाइवे पर उतरे फाइटर विमान

## देश में 12 हाइवे हो रहे तैयार

इसे भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत तैयार किया गया है। वायुसेना की इमरजेंसी लैंडिग के लिए तैयार किया गया है। यह युद्ध और इमरजेंसी में बेहद उपयोगी साबित होगा। 32.95 करोड़ रुपये की लागत से बनी यह हवाई पट्टी तीन किलोमीटर लंबी और 33 मीटर चौड़ी है। रक्षा और परिवहन मंत्रालय के सहयोग से देश में इस तरह के 12 हाईवे तैयार किए जा रहे हैं, जहां विमानों की लैंडिंग कराई जा सके। इससे पहले वायुसेना प्रमुख आरकेएस भदौरिया ने कहा कि भारतीय वायुसेना अगले दो दशक में 350 विमान खरीदने की योजना बना रही है। उन्होंने चीन और पाकिस्तान की चुनौतियों को देखते हुए भारतीय वायुसेना की समग्र ताकत को बढ़ाने के लिए विषम क्षमताओं को विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

## पाकिस्तान के साथ लगी अंतरराष्ट्रीय सीमा के समीप दिखाया शौर्य

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के साथ लगी अंतरराष्ट्रीय सीमा से कुछ किलोमीटर की दूरी पर देश की वायुसेना ने आज इतिहास रच दिया। राजस्थान के बाड़मेर में बने नेशनल हाइवे पर बने इमरजेंसी लैंडिंग फील्ड (ईएलएफ) का केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने उद्घाटन किया। दोनों केंद्रीय मंत्रियों ने एनएच 925 ए पर 3 किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद वायुसेना के लड़ाकू विमान सीधे हाइवे पर उतरे। सुखोई, जगुआर और हरक्यूलिस ने आसमान में अपना दम दिखाया और फिर हाइवे पर लैंडिंग की । भारत-पाक सीमा से महज 40 किमी दूरी पर बाड़मेर-जालोर बॉर्डर के अड़गावा में बनी इमरजेंसी हाइवे हवाई पट्टी का उद्घाटन करने के लिए दोनों केंद्रीय मंत्री एक साथ दिल्ली से हरक्यूलिस विमान में सवार होकर बाड़मेर पहुंचे।



### मात्र 19 महीनों में तैयार हुआ यह प्रोजेक्ट

बुधवार को वायुसेना ने इस हवाई पट्टी पर अपनी पहली रिहर्सल की। इस दौरान तीन फाइटर विमान उतारे। सबसे पहले हरक्यूलिस प्लेन को लैंड कराया गया। इसके बाद सुखोई, मिग और अगस्ता हेलिकॉप्टर की लैंडिंग कराई गई। देश में यह पहली बार हुआ है जब किसी नेशनल हाइवे का इस्तेमाल भारतीय वायुसेना के विमानों की इमरजेंसी लैंडिंग के लिए किया जा रहा है। इस दौरान एसयू-30 एमकेआई, सुपर हरक्यूलिस एंड जगुआर फाइटर विमानों का फ्लाईपास्ट हुआ। इस प्रोजेक्ट को तैयार करने के लिए 24 महीने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन इमरजेंसी लैंडिंग फील्ड का निर्माण 19 महीनों के भीतर ही कर लिया गया। जुलाई 2019 में इसकी शुरुआत की गई थी और इसी साल जनवरी में पूरा कर लिया गया।

## क्विक अपडेट



### कंगना को झटका, मानहानि केस रद्द करने की याचिका खारिज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रणौत को बॉम्बे हाईकोर्ट से करारा झटका मिला है। दरअसल उनके खिलाफ जावेद अख्तर ने मानहानि का केस दर्ज किया था। इस मामले को रद्द करने की याचिका कंगना ने बॉम्बे हाईकोर्ट में दाखिल की थी जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया है। बता दें कि सुशांत सिंह राजपूत के निधन के बाद अभिनेत्री ने जावेद अख्तर पर कई तरह के आरोप लगाए थे जिसके बाद गीतकार ने उनके खिलाफ मानहानि का केस दर्ज किया था।

### तालिबान ने महिला क्रिकेट पर लगाया बैन तो नहीं खेलेंगे टेस्ट मैच

**मेलबोर्न।** तालिबान ने महिलाओं के खेलों में शामिल होने पर रोक लगा दी है। इसके खिलाफ अब क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने धमकी दी है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा है कि जब तक अफगानिस्तान में तालिबान की नई सरकार महिलाओं के क्रिकेट की अनुमति नहीं देती है, तब तक वह अफगानिस्तान की पुरुष टीम के साथ क्रिकेट नहीं खेलेंगे। बता दें, दोनो टीमों के बीच ऐतिहासिक टेस्ट मैच 27 नवंबर से 1 दिसंबर के बीच खेला जाएगा। दोनों देशों के बीच यह पहला टेस्ट मैच होगा।

### नहीं रहे नेशनल कांफ्रेंस के नेता त्रिलोचन सिंह वजीर

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मोतीनगर इलाके के बसई दारापुर के एक फ्लैट में आज सड़ी गली अवस्था में नेशनल कांफ्रेंस के नेता त्रिलोचन सिंह वजीर का शव मिलने से सनसनी मच गई है। घटना की सूचना मिलते ही मोती नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया है। पूर्व एमएलसी, प्रमुख ट्रांसपोर्टर और जम्मू-कश्मीर गुरुद्वारा प्रबंधक बोर्ड के प्रधान रहे त्रिलोचन सिंह 67 वर्ष के थे और वह दो सितंबर को जम्मू कश्मीर से दिल्ली आए थे और तीन तारीख को कनाडा जाने वाले थे। लेकिन तीन सितंबर से ही उनके परिवार से उनका कोई संपर्क नहीं था जिससे परिवार काफी परेशान था।

## कोरोना ने फिर पकड़ी रफ्तार बढ़े संक्रमण के मामले



**नई दिल्ली।** कोरोना की तीसरी लहर की आशंका के बीच गुरुवार को कल के मुकाबले पांच हजार से अधिक मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार बीते 24 घंटे में कोरोना के 43,263 मामले सामने आए हैं और 338 लोगों की मौत हो गई ।वहीं 40,567 मरीज स्वस्थ होकर घर लौट गए हैं। देश में एक्टिव मरीजों की संख्या 3,93,614 है। वहीं देश में कुल मृतकों की संख्या की बात करें तो यह 4,41,749 हो गई है और अब तक कुल स्वस्थ मरीजों की संख्या 3,23,04,618 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार बुधवार को बीते 24 घंटे में कोरोना के 37,875 नए मामले सामने आए थे और 369 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं देश में कल तक 3,91,256 सक्रिय मामले थे। बता दें कि दुनिया में बीते दिन सबसे ज्यादा कोरोना के मामले अमेरिका के बाद भारत में आए हैं। कोरोना एक्टिव केस के मामले में भारत अब 6वें स्थान पर है। केरल में गुरुवार को बीते 24 घंटे में कोरोना के 30,196 मामले सामने आए हैं और 181 लोगों की मौत हो गई। वहीं बुधवार की बात करें तो केरल में कोरोना के 25,772 मामले सामने आए थे और 189 लोगों की मौत हो गई थी। बता दें कि भारत के दो राज्य केरल और महाराष्ट्र में अभी सबसे अधिक पॉजिटिविटी रेट है। केरल के सात जिले (एर्नाकुलम, त्रिशूर, कोझीकोड, पलक्कड़, कोल्लम और कोट्टायम) में रोजाना 2000 से अधिक मामले सामने आ रहे हैं। मुंबई में कोरोना के मामले में एक बार फिर तेजी देखने को मिल रही है। यहां बुधवार को कोरोना के 532 नए मामले सामने आए थे।

## कपड़े उतारकर पत्रकारों की बेदम पिटाई, महिलाओं पर भी जुल्म जारी

# तालिबान का असली चेहरा

**काबुल।** अफगानिस्तान में तालिबान के लौटने के बाद से ही लोग देश छोड़ने को मजबूर हैं और अब तालिबान ने अंतरिम सरकार का गठन भी कर लिया है उसके बाद आम लोग काफी चिंता में हैं। पिछले कुछ दिनों से काबुल समेत अलग-अलग शहरों में तालिबान के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं। अफगानिस्तान पर पाकिस्तानी एयर स्ट्राइक से लोग खासे नाराज हैं, लोग तालिबान सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। सबसे खास बात है कि इन प्रदर्शनों का नेतृत्व महिलाएं कर रही हैं, लेकिन तालिबान इन प्रदर्शनों से तिलमिला उठा है। तालिबानी लड़ाके प्रदर्शन कर रही महिलाओं, आम लोगों और प्रदर्शनों को कवर कर रहे पत्रकारों को निशाना बनाने रहे हैं ।ताजा मामला काबुल शहर का है, जहां प्रदर्शन कवर करने पहुंचे पत्रकारों पर तालिबान ने सारी सीमाएं पार करते अपना असली चेहरा दुनिया के सामने रखा है। बताया जा रहा है कि तालिबानी लड़ाके पत्रकारों को कमरे में बंद कर घंटों पीटा और उसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा किया। पत्रकारों की पिटाई का वीडियो देखकर आप हिल उठेंगे। लॉस एंगेल्स टाइम्स में छपी तस्वीर में देखा जा सकता है कि किस कदर तालिबानियों ने पत्रकारों की पिटाई की है।



### बिना अनुमति प्रदर्शन नहीं करने का फरमान

काबुल में तालिबान के लड़ाकों द्वारा महिलाओं को पीटा गया, वहीं मौजूद पत्रकारों के साथ भी मारपीट की गई। अब सरकार गठन के तुरंत बाद तालिबान ने नया फरमान जारी किया है कि बिना सरकार की अनुमति के किसी तरह के प्रदर्शन की इजाजत नहीं दी जाएगी। तालिबान ने एलान किया है कि बिना परिमशन प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। सोशल मीडिया पर इस तरह के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं, जहां तालिबान के लड़ाकों द्वारा महिलाओं को पीटा जा रहा है. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो तालिबान के लड़ाकों ने महिलाओं और पत्रकारों को डंडों और रायफल की बट से पीटा है। साथ ही कई पत्रकारों को गिरफ्तार कर उनकी पिटाई की है। तालिबान ने महिलाओं पर कपड़े पहनने, स्कूलों में लड़के-लड़कियों को एक साथ नहीं पढ़ने, ऑफिस में काम नहीं करने समेत कई अन्य चीजों पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। इसको लेकर काबुल समेत अन्य शहरों में महिलाएं तालिबान के खिलाफ प्रदर्शन कर रही हैं। महिलाएं सरकार में हिस्सेदारी की मांग कर रही है। महिलाओं का कहना है कि तालिबान ने जब अफगानिस्तान पर कब्जा किया था तो कहा था कि वह अपनी सरकार में महिलाओं को भी शामिल करेगा,लेकिन तालिबान अब महिलाओं पर अत्याचार कर रहा है।

## गैस पीड़ित वृद्ध कल्याणी महिलाओं के चेहरों पर लौटेगी मुस्कान, आज से पेंशन



**भोपाल।** राजधानी में लंबे समय से अपने हितों के लिए संघर्ष कर रहीं गैस पीड़ित वृद्ध कल्याणी महिलाओं के लिए आज का दिन यादगार होने वाला है। दरअसल उन्हें आज पेंशन राशि का भुगतान किया जाएगा। भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग आज दोपहर 12 बजे गैस राहत संचालनालय में गैस त्रासदी में दिवगंत व्यक्तियों की कल्याणी महिलाओं को पेंशन राशि वितरित करेंगे। राजधानी में इन महिलाओं की संख्या 4500 से अधिक है। इसका भुगतान अप्रैल 2021 से दिया जाएगा। मंत्री विश्वास सारंग कुछ कल्याणी महिलाओं को प्रतीकस्वरूप पेंशन राशि का चेक देंगे, बाकी कल्याणी महिलाओं को उनके खाते में बैंक से राशि ट्रांसफर की जाएगी। गैस राहत अस्पताल के लिए तीन एंबुलेंस का लोकार्पण भी किया जाएगा।

## करनाल में अफवाहों को रोकने के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद, किसानों का धरना जारी

**करनाल।** अपनी मांगों के समर्थन में करनाल में आंदोलन कर रहे किसानों ने बुधवार को प्रशासन के साथ वार्ता विफल होने के बाद से सचिवालय के बाहर पक्का मोर्चा लगा दिया है। वहीं इसी बीच गुरुवार को भी करनाल में इंटरनेट सेवाएं ठप रहेंगी। अफवाहों को रोकने के लिए सरकार ने यह आदेश दिया है। किसानों के प्रदर्शन के चलते फिलहाल करनाल में इंटरनेट सेवा बाधित है, ऐसे में यहां विद्यार्थियों को अब कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के लिए खुद इंटरनेट की व्यवस्था करनी होगी। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने बुधवार को ये दिशा-निर्देश जारी किए हैं। विवि प्रशासन के अनुसार, परीक्षार्थियों को अपने स्तर पर ऑनलाइन परीक्षा देने के लिए इंटरनेट की व्यवस्था करनी होगी। यदि वे यह व्यवस्था नहीं कर पा रहे हैं, तो वे ऑफलाइन मोड में परीक्षा केंद्र पर जाकर अपनी परीक्षाएं दे सकते हैं। बैठक बेनतीजा रहने के बाद किसानों के बड़े नेता भी दिल्ली की विभिन्न सीमाओं पर पहले से चल रहे धरनों की ओर कूच गए।



## खुद जहर पीकर 8 साल के बेटे को भी पिला दिया

**बरेली।** खरगोन। शहर के बिस्टान रोड स्थित भोंगानाले पास व्यक्ति ने स्वयं कीटनाशक पीकर, आठ वर्षीय बेटे को भी कीटनाशक पिला दिया। इस घटना में उसकी मौत हो गई, मासूम का इलाज इंदौर में चल रहा है। जिला अस्पताल चौकी के अनुसार मंगलवार रात करीब 8.50 बजे अकावल्या निवासी 37 वर्षीय राकेश पाटीदार और उसके आठ वर्षीय बेटे आरव को कीटनाशक पीने के बाद गंभीर अवस्था में लाया गया। जहां उपचार के दौरान 9.30 राकेश की मौत हो गई। राकेश ने जान देने से पहले अपने आठ साल के बेटे आरव पाटीदार को भी जहर पिला दिया। जिससे उसकी हालत भी गंभीर बनी हुई है और फिलहाल इंदौर के चोइथराम अस्पताल में भर्ती है। स्वजनों ने बताया कि राकेश ने 2019 में शिक्षक भर्ती पात्रता परीक्षा वर्ग-1 क्वालीफाय की थी। कृषि संकाय में 97.87 अंक के साथ प्रदेश की मेरिट में पांचवा स्थान हासिल किया था। हालांकि मौत को लेकर कोई पुख्ता कारण सामने नहीं आया है।

## खिलाड़ियों ने पीएम से साझा किए अनुभव



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज टोक्यो पैरालंपिक में भाग लेने वाले भारतीय एथलीटों से मुलाकात की। इस दौरान खिलाड़ियों ने पीएम मोदी से पैरालंपिक के अनुभव भी साझा किए। भारतीय पैरा खिलाड़ियों ने कमाल करते हुए 19 पदक जीते जिनमें पांच स्वर्ण पदक भी शामिल हैं। पैरालंपिक खेलों में भारत का यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने इससे पहले टोक्यो ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों से अपने आवास पर मुलाकात की थी। टोक्यो पैरालंपिक में जिन खिलाड़ियों ने पदक जीते उनमें अवनि लेखरा, सिंहराज अडाना, सुमित अंतिल, मनीष नरवाल, प्रमोद भगत, कृष्णा नागर, भाविना पटेल, निषाद कुमार देवेंद्र झाझरिया, योगेश कथुनिया, मरियप्पन थंगवेलु, प्रवीण कुमार, सुहास यतिराज, सुंदर सिंह गुर्जर, शरद कुमार, हरविंदर सिंह और मनोज सरकार शामिल हैं।

## एमपी-महाराष्ट्र समेत 6 सीटों पर राज्यसभा उपचुनाव 4 अक्टूबर को

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने पांच राज्यों की छह सीटों के लिए राज्यसभा उपचुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। चुनाव आयोग से मिली जानकारी के मुताबिक, पश्चिम बंगाल, असम, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में एक-एक और तमिलनाडु में 2 सीटों पर 4 अक्टूबर को वोटिंग होगी। इसी दिन शाम नतीजे भी सामने आ जाएंगे। बिहार में विधानसभा परिषद की सीट के लिए उपचुनाव 4 अक्टूबर को होगा। एमपी में थावरचंद गहलोत के इस्तीफे से एक सीट खाली हुई है।

## सीएम शिवराज ने कहा- एमएसपी बढ़ाकर प्रधानमंत्री ने लिया किसान हितैषी फैसला



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों के हित में लगातार फैसले ले रहे हैं। कल ही एमएसपी में बढ़ोतरी कर किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। गेहूं पर एमएसपी 40 रुपये प्रति क्विंटल, जौ पर 35 रुपये, चना पर 130 रुपये, मसूर और सरसों पर 400-400 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाई गई है। सीएम शिवराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को किसानों के हित में लगातार निर्णय लेने के लिए हृदय से धन्यवाद देता हूं। एमएसपी में वृद्धि कर किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उनके नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा उठाया गया है। उन्होंने कहा कि आग लगाना, अराजकता फैलाना तो कांग्रेस का काम ही है।

## दिग्विजय की तारीफ पर भड़के व्यवसायी, लगाए शिवराज जिंदाबाद के नारे

**भोपाल।** शहर के प्रमुख व्यापारिक संगठन भोपाल चैंबर्स ऑफ कामर्स का चुनाव हंगामे की भेंट चढ़ गया। कोहेफिजा स्थित चैंबर्स कार्यालय में बुधवार को हुई बैठक में व्यवसायियों के बीच जमकर हंगामा हुआ। व्यवसायी भाजपा व कांग्रेस में बंट गए। एक पक्ष ने पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह की तारीफ की तो दूसरे पक्ष के व्यवसायी खड़े होकर शिवराज सिंह चौहान जिंदाबाद के नारे लगाने लगे। व्यवसायियों में तीखी नोकझोंक हुई।




## जारी हुई एनआईआरएफ रैंकिंग

**नई दिल्ली** लंबे इंतजार के बाद आखिरकार आज एनआईआरएफ इंडिया रैंकिंग जारी कर दी गई है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान अब से कुछ देर पहले यह जारी की। शिक्षा मंत्रालय की वार्षिक रैंकिंग में मद्रास पहले स्थान पर है, उसके बाद बेंगलुरु और बॉम्बे है। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान। शिक्षा मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक 8 आईआईटी, 2 एनआईटी इंजीनियरिंग कॉलेजों टॉप-10 की सूची में शामिल हैं। मिली जानकारी के मुताबिक मिरांडा हाउस बेस्ट कॉलेज, एलएसआर कॉलेज फॉर विमेन को दूसरा रैंक, लोयोला कॉलेज ने तीसरा रैंक प्राप्त किया है। एम्स दिल्ली सर्वश्रेष्ठ मेडिकल कॉलेज, पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ को दूसरा और क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लोर ने तीसरा स्थान हासिल किया। गौरतलब है कि भारत के शीर्ष विश्वविद्यालयों और कॉलेजों की एक लिस्ट है। देश की टॉप यूनिवर्सिटीज, कॉलेज और अन्य शैक्षिक संस्थानों की रैंकिंग लिस्ट जारी होती है

## आज तीज की रात धरती को चूमने आ रहा विशाल एस्टेरोइड!

**वेब डेस्क।** अंतरिक्ष में गुरुवार (आज) की रात ऐसी अनोखी घटनाएं एक साथ घटित होने जा रही हैं जिनका संयोग सैकड़ों वर्षों में भी नहीं बन पाता है। एक ही रात में खतरनाक श्रेणी का एक बहुत विशाल एस्टेरोइड पृथ्वी की कक्षा में चांद से भी कम दूरी पर आ धमकेगा। सितंबर में आम प्रचलन से हटकर अपने चरम पर उल्कापात होगा और नव अर्द्धचंद्र के सबसे ज्यादा पास पहुंचकर शुक्र ग्रह अपनी सर्वाधिक चमक भी बिखेरेगा। इन तीनों घटनाओं का एक साथ घटित होना आज की रात को दुर्लभ ही नहीं बल्कि दुर्लभतम बना देगा। ऐसी अनोखी रात फिर न जाने आए न आए। सबसे पहले चर्चा एस्टेरोइड की। एस्टेरोइड यदा कदा पृथ्वी के निकट आते रहते हैं लेकिन ये निकटता भी आमतौर पर पृथ्वी और चांद के बीच की दूरी से दस गुनी तक या इससे ज्यादा ही होती है। कभी सुना है कि कोई एस्टेरोइड चंद्रमा जितनी दूरी तक भी आया हो? लेकिन आज की रात 2010 आरजे 53 नाम का कुतुबमीनार से दस गुना बड़ा 774 मीटर आकार का बहुत विशाल क्षुद्रग्रह 68400 किमी प्रति घंटे की विलक्षण गति से सफर करता हुआ पृथ्वी से मात्र 3 लाख 66 हजार किमी की दूरी पर अर्थात 3 लाख 84 हजार किमी दूर स्थित चंद्रमा से भी कम दूरी तक पृथ्वी के निकट आ जाएगा। जहां खगोलीय दूरियां चंद्र इकाई, सौर इकाई या प्रकाश वर्ष जैसी बहुत बड़ी इकाइयों में मापी जाती हैं वहां यह दूरी इतनी कम है कि एक तरह से यह एस्टेरोइड धरती को बस चूम कर निकल जाएगा। इसकी बेहद तेज गति, विशाल आकार और पृथ्वी से अत्यधिक निकटता के चलते अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने इसे खतरनाक की श्रेणी में रखा है। आपको बता दें कि आज भारत में हरतालिका तीज मनाई जा रही है जिसमें रात जागरण कर महिलाएं भगवान शकर पार्वती की पूजा अर्चना करतीं हैं। कल गणेश चतुर्थी मनाई जाएगी।







## सांसद तन्खा द्वारा प्रमुख चिकित्सालयों का भ्रमण

# डेंगू, मलेरिया के मरीजों की जानकारी ली

जबलपुर। राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा द्वारा नगर के प्रमुख चिकित्सालयों का भ्रमण कर अधिकारियों से चर्चा की गयी। उनके द्वारा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल चिकित्सालय के डीन डॉ. कसार से चर्चा कर नगर में फैले डेंगू और मलेरिया के भर्ती मरीजों की जानकारी ली गयी एवं वार्ड का भ्रमण कर यथासंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। उनके द्वारा सेठ गोविन्द दास विक्टोरिया अस्पताल का भी भ्रमण कर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रत्नेश कुरारिया एवं डॉ. अमिता जैन से भर्ती हुए मरीजों की चिकित्सा सम्बन्धी जानकारियाँ ली गयीं। चिकित्सालय के अधिकारियों द्वारा श्री तन्खा से चिकित्सालय में बनाये गये नए भवन के वार्ड क्रमांक 3-6 के प्रथम एवं द्वितीय तल पर मरीजों के आने जाने की सुविधा हेतु रेम्प निर्माण कराने हेतु अनुरोध किया गया जिसे श्री तन्खा ने स्वीकारते हुए शीघ्र ही राशि जारी करने का आश्वासन दिया। श्री तन्खा द्वारा रानी दुर्गावती एल्गिन अस्पताल के परिसर में स्थित रोटरी ब्लड बैंक का भी निरिक्षण किया जहाँ उनके द्वारा पूर्व में कई महत्वपूर्ण मशीने प्रदान की गयी हैं। क्षेत्रिय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. संजय मिश्रा एवं ब्लड बैंक में कार्यरत डाक्टरों एवं स्टाफ ने उन्हें बताया कि गत दिनों में ही उनके द्वारा प्रदत्त कि गयी एफ्रेसिस मशीन के कारण ही अब तक 190 मरीजों को ब्लड प्लेटलेट्स प्रदान किया जा चुका है एवं इस मशीन से दिन-रात कार्य लेकर डेंगू एवं अन्य रोगों से ग्रसित लोगों की जान बचाई गयी। उपस्थित क्षेत्रिय नागरिकों द्वारा श्री तन्खा को एफ्रेसिस मशीन प्रदान करने हेतु धन्यवाद देते हुए एक और एफ्रेसिस मशीन जिसकी लगत करीब 30 लाख रूपए है ब्लड बैंक को प्रदान करने का अनुरोध किया जिसे सहज स्वीकारते हुए श्री तन्खा ने अपनी सहमती देते हुए कहा कि उनके जीवन का ध्येय ही गरीब और मजदूर लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्राप्त हो सके है। श्री तन्खा का स्वागत डॉ. संजय मिश्रा एवं अन्य स्टाफ कर्मियों द्वारा किया गया।

# आज तीजा:सुबह गूंजी बम्बोली बंधने लगे फुलहरा



**जबलपुर,यशभारत।** हर महिला के जीवन में हरतालिका तीज का विशेष महत्व होता है। भाद्रपद शुक्ल तृतीया को हस्त नक्षत्र होता है, इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा की जाती है इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं और इस व्रत को कुंवारी लड़कियां अच्छे वर की कामना कर रखते हुए विधि-विधान से पूजा करती हैं। इस दिन भगवान शिव, देवी पार्वती के साथ ही भगवान गणेश की पूजा की जाती है। मान्यता है कि इस दिन कुंवारी लड़कियां सच्चे मन से भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा करें तो उन्हें योग्य वर मिलता है। फुलेहरा, पूजन सामग्री, गौरा पार्वती की मूर्ति, छोटा दातून, शृंगार सामग्री की जमकर खरीददारी हुई। बाजारों में रौनक बनी रही। आज तड़के से ही मंदिरों की घंटियां बज उठी थीं। व्रती महिलाओं और युवतियों बम्बोली गाकर भगवान महादेव व माता पार्वती की पूजा अर्चन में जुटीं थी। कोरोना काल के नियमों को ध्यान में रखते हुए शुभ मुहूर्त में पूजा की जाएगी। घरों में गुजिया, पपड़ी, खुरमा की भीनी भीनी सुगंध आ रही है। सुहागिनों निर्जला व्रत रखा है। महिलाएं आज सारे दिन व्रत रखकर चारों पहर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा अर्चना करेंगी। हरतालिका पर घर-घर पुसलेहरा बांधकर गौरा-पार्वती और भोले शंकर की आराधना की जाएगी। चारों पहर हवन-पूजन किया जाएगा। भजन कीर्तन का दौर चलेगा। महिलाएं रात्रि जागरण करेंगी। भोर के पहले पहर शिवालयों में भी

### चारों पहर हवन-पूजन ,भजन कीर्तन का दौर चलेगा

### कोरोना के कारण रात में नहीं होंगी चहल-पहल

रतजगा करने वाली महिलायें चारों पहर का हवन करने शिव पार्वती मंदिरों में जाती है और घरों में भजन-कीर्तन करती है। हवन सामग्री और फुलेहरा का विसर्जन हनुमानताल में किया जाता है। रातभर सड़कों पर चहल-पहल बनी रहती हैं। महिलायें घूमने निकलती है, लेकिन इस साल भी कोरोना की वजह से रात 11 बजे के बाद कर्फ्यू लागू हो जाता है इसलियें किसी को रात में बाहर घूमने की इजाजत नहीं दी गई। लिहाजा इस साल रात में सड़कों पर चहल-पहल नहीं होगी।

व्रतधारी महिलाएं हवन पूजन के बाद अपना व्रत खोलेंगी।

# ऑक्सफोर्ड में सम्मानित हुई हिंदुस्तान की प्रेरणा

**जबलपुर ।** शहर से नाता रखने वाली प्रेरणा वाडीकर को हाल ही में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने यूके में वाइस चांसलर सोशल इंपैक्ट अवार्ड* से सम्मानित किया है । उन्हें यह अवार्ड पावर बैंक की तरह दिखने वाली और सौर ऊर्जा पर आधारित लिथियम आयन पोर्टेबल बैटरी के अविष्कार के लिए मिला है । इस



बैटरी का छोटा आकार एवं 30 से 40 मिनट में सौर ऊर्जा से चार्ज होने की क्षमता इसकी अनूठी विशेषताएं हैं । यह बैटरी छोटे और मध्यम उद्योगों मैं रोजगार उपलब्ध कराने में मदद करेगी । प्रेरणा वाडीकर बैंगलोर में एक ग्लोबल कंपनी की उद्यमी है । उन्होंने आई आई एम बेंगलुरु से पब्लिक पॉलिसी में मास्टर डिग्री की है । इस अविष्कार द्वारा प्रेरणा ने विज्ञान जगत में भारत एवं महिला सशक्तिकरण की एक मिसाल कायम की है । प्रेरणा ने मां नीना महाजन से प्रेरित होकर कंप्यूटर इंजीनियरिंग एवं एवं सामाजिक विकास में विज्ञान की भूमिका क्षेत्र में शोध प्रारंभ किया था । वह अपनी सफलता का श्रेय अपनी मां को देती हैं। वर्ष 2010 में ऑक्सफोर्ड के पूर्व कुलपति प्रोफेसर एंड्रयू हैमिल्टन की ओर से सोशल इंपैक्ट अवार्ड शुरू किया गया था । जो हर साल यूनिवर्सिटी स्टूडेंट को सामाजिक क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के लिए दिया जाता है । इस अवार्ड के लिए प्रेरणा वाड़ीकर को 18000 स्टूडेंट्स में से चुना गया । प्रेरणा ने विदेश में इस अवार्ड के द्वारा जो भारत का मान बढ़ाया है उसके लिए हम सभी देशवासी गौरवान्वित हैं । मां नीना महाजन ने बताया कि उनका जबलपुर शहर से बहुत ही गहरा नाता है एवम उनकी शिक्षा होमसाइंस कॉलेज से हुई है । प्रेरणा महिला योग मंडल की पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय श्रीमती कुसुम महाजन की नातिन एवं ग?ा निवासी संतोष महाजन की भांजी हैं ।



गोरखपुर में एक व्यापारी गणेश जी के साथ तुलसी के बीज भी लोगों को दे रहा है और आग्रह कर रहा है कि घर में ही प्रतिमा का विसर्जन करें

# गणेश चतुर्थी पर बन रहा छह ग्रहों का संयोग

## मंगलकारी, कल घर घर विराजेंगे गणपति बप्पा

जबलपुर। गणेश उत्सव की तैयारियां शहर में शुरू हो चुकी है। कोरोना संक्रमण के मद्देनजरकोराना गाइड लाइन के तहज उत्सव को ईको फ्रेंडली की तरीके से मनाया जाएगा।शुभ मुहुर्त में घर घर प्रथम पूज्य भगवान श्रीगणेश को विराजमान कराकर पूजा अर्चना की जाएगी। इस साल गणेश पर्व पर छह ग्रहों एवं नक्षत्रों का संयोग बन रहा है। इसे शुभ मंगलकारी माना जा रहा है। इस संयोग में प्रथम पूज्य गणपति की स्थापना करके विधिवत पूजन करने से कार्यों में सफलता मिलेगी। ज्योतिषाचार्योंके अनुसार 10 सितंबर को सुबह से रात तक शुभ मुहूर्त में गणेश प्रतिमा की स्थापना की जा सकेगी। शुक्रवार को पड़ रही गणेश चतुर्थी पर अनेक ग्रह अच्छी स्थिति में होंगे। इस दिन बुध ग्रह कन्या राशि में, शुक्र ग्रह तुला में राहु ग्रह वृषभ में शनि ग्रह मकर में केतु ग्रह वृश्चिक राशि में होंगे। यह संयोग व्यापार, नौकरी, शेयर बाजार खेती के लिए शुभदायी माना जा रहा है।ग्रहों और राशि के शुभ संयोग के अलावा इस बार गणेश चतुर्थी पर चित्रा-स्वाति नक्षत्र के साथ रवि योग का संयोग बन रहा है। शुक्रवार को चित्रा नक्षत्र शाम 4.59 बजे तक रहेगा और इसके बाद स्वाति नक्षत्र लगेगा। चित्रा नक्षत्र, ब्रह्म योग, वणिज करण एवं तुला राशि में चंद्रमा में है। वणिज करण की स्वामिनी माता लक्ष्मी को माना जाता है। इस संयोग में भगवान गणेश के साथ, लक्ष्मीजी भी घर आएंगी। इसके एक दिन पहले हरतालिका तीज पर 9 सितंबर को दोपहर 2.30 बजे से रवि योग शुरू होकर 10 सितंबर को 12.57 बजे तक रहेगा। इन सभी योगों को अति शुभ माना जा रहा है। किसी भी तरह के नए कार्य की शुरुआत भगवान गणेश की पूजा करके की जा सकती है।



### भद्रा का असर नहीं

किसी भी शुभ कार्य में भद्रा काल हो तो उसे अशुभ माना जाता है, चूंकि भगवान गणेश प्रथम पूज्य देव हैं। वे विघ्हर्ता हैं, यानी मुसीबतों से छुटकारा दिलाते हैं, इसलिए भगवान गणेश की पूजा में भद्रा काल का कोई रोड़ा नहीं है। चतुर्थी तिथि पर सुबह 11.09 से रात 10.59 बजे तक भद्रा है, जिसका वास पाताल लोक में हैं। भद्रा काल में भगवान गणेश की पूजा करने में कोई व्यवधान नहीं आता।

## जबलपुर संसदीय क्षेत्र के बूथ अध्यक्षों को भी संबोधित करेंगे गृह मंत्री अमित शाह



**जबलपुर।** आगामी 18 सितंबर को जब्बलपुर पधार रहे भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अपने प्रवास के दौरान पार्टी के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में भी अपना मार्गदर्शन देंगे । इस संदर्भ में सांसद राकेश सिंह ने बताया कि अमित शाह कुंवर शंकर शाह रघुनाथ शाह जी के बलिदान दिवस के पूण्य स्मरण के साथ ही अन्य कार्यक्रमो में हिस्सा लेंगे और सांसद श्री सिंह के आग्रह पर उन्होंने जबलपुर संसदीय क्षेत्र के बूथ अध्यक्षो के सम्मेलन में पार्टी के बूथ अध्यक्षो एवं पार्टी पदाधिकारियों को भी संबोधित करने की अनुमति प्रदान की है ।

## लाल से तिरंगा और दूसरे दिन पीला झंडा थामा

# ओ एफ के यूनियनों में चल रहा आया राम गया राम का खेल

जबलपुर यशभारत।गत दिवस लालझंडे के फेडरल कौंसिल मेम्बर सहित 6 पदाधिकारियों ने एक दिन पहले तिरंगा यानि इंटक यूनियन का दामन थामा।फिर घटना क्रम बदला और तिरंगा थामने वालों ने कामगार यूनियन की सदस्यता ग्रहण कर ली। उल्लेखनीय है कि गत सप्ताह लेबर यूनियन से निर्वाचित वर्क्स कमेटी मेम्बर राकेश जायसवाल ने भी अपने 22 साथियों के साथ कामगार यूनियन की सदस्यता ग्रहण की थी । कामगार यूनियन के अध्यक्ष राजेन्द्र चडारिया ने बताया कि लेबर यूनियन (ए आई डी ई एफ)के फेडरल कौसिल मेम्बर मोहम्मद नसीम एवं राकेश जायसवाल के नेतृत्व में हरिओम पाठक ,सत्यम कुमार ,आनंद कुमार ,सुमित कुमार ,मोहम्मद शरीफ ने राष्ट्र हित ,उद्योग हित एवं मजदूर हित की विचारधारा से प्रेरित होकर आज भगवा ध्वज धारण किया । यूनियन कार्यालय में शाम 4 बजे आयोजत एक समारोह में राकेश शर्मा रूपेश पाठक प्रेम लाल सेन अरुण मिश्रा कृष्ण कुमार शर्मा ,सतिन शर्मा विक्रम सिंह पंकज मिश्रा मोहित बनोधा अमित सैनी आदि उपस्थित थे ।बताया जाता है कि आने वाले समय में यूनियनों की सदस्यता के सत्यापन के साथ ही नवम्बर मे होने वाले वर्क्स कमेटी चुनाव को लेकर इन दिनों सभी यूनियनों मे अपना संख्या बल और अपनी यूनियन को मजबूत करने की दृष्टि से ऐसी पहल कर रही हैं ताकि यूनियन सत्यापन और वर्क्स कमेटी चुनाव मे सफलता हासिल की जा सके।






## 8 अक्टूबर को रीवा से रवाना होगी भारत दर्शन पर्यटन ट्रेन

**जबलपुर यश भारत ।** इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आई.आर.सी.टी.सी.) ने भारत दर्शन विशेष पर्यटन ट्रेनों का संचालन पूरे देश में शुरू कर दिया है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश के तीर्थ यात्रियों के लिए आईआरसीटीसी 08.10.2021 को रीवा शहर से भारत दर्शन विशेष पर्यटन ट्रेन वैष्णोदेवी के साथ उत्तर दर्शन यात्रा के लिए रवाना करेगा। यह ट्रेन मध्यप्रदेश के रीवा, सतना, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, इटारसी, होशंगाबाद, हबीबगंज, विदिशा, गंजबासोदा, बीना स्टेशनों एवं उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र के झांसी स्टेशनों से होते हुए जाएगी, जहॉं से यात्री इस ट्रेन पर सवार हो सकेंगें। 08 रातें/09 दिनों की इस यात्रा में आगरा, मथुरा, हरिद्वार, ऋषिकेश, अमृतसर एवं वैष्णोदेवी के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जायेगा। इसके लिए यात्रियों को महज रु 8,505/- प्रति व्यक्ति (स्लीपर श्रेणी) एवं 10,395/- प्रति व्यक्ति (3ए श्रेणी) का खर्च उठाना होगा।



# शहर भर में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव

## निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने रांझी पहुंचकर किया अभियान का निरीक्षण

जबलपुर। निगमायुक्त संदीप जी.आर. के निर्देश पर संभाग क्रमांक 10 रांझी अंतर्गत सभी वार्डों में मलेरिया, डेंगु, चिकनगुनिया आदि पर प्रभावी रोकथाम हेतु सघन अभियान चलाकर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करवाया गया। निगमायुक्त श्री जी.आर. ने अंबेडकर वार्ड के शांति नगर में तालाब किनारे के बसाहट के पास की और एल.एन. यादव स्कूल के पीछे की घाँस कटिंग के निर्देश दिया तथा चंद्रशेखर वार्ड में कोतवाल पार्क के पास निगमायुक्त द्वारा निरीक्षण के दौरान लार्वा पाए जाने पर स्वयं भवन स्वामी के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की गई तथा 5 सौ रूपये का स्पॉट फाइन जमा करवाया गया। इस दौरान निगमायुक्त श्री संदीप जी.आर. स्वास्थ्य अधिकारी श्री भूपेंद्र सिंह, सहा. स्वास्थ्य अधिकारी श्री सुनील गुजराती, श्री अनिल बारी, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक श्री अनिल मिश्रा, श्री हिटलर अर्खेल, मलेरिया विभाग से स्वास्थ्य निरीक्षक श्री आलोक जोशी, उप स्वछ्ता पर्यवेक्षक श्री संदीप पटेल आदि द्वारा दवा छिड़काव अभियान का निरीक्षण तथा आम नागरिकों को जागरुक करने का कार्य किया गया।

## पीड़ित मानवता की सेवा से ही मनुष्य का जन्म होता है सार्थक

**जबलपुर ।** मनुष्य की पीड़ा हरना ही संत का एक मात्र उद्देश्य है, और पीड़ति मानवता की सेवा से ही मनुष्य का जीवन सार्थक होता है, यह उद्गार विराट हॉस्पिस की संस्थापिका साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी ने हरे कृष्ण आश्रम भेड़ाघाट के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास महाराज के 82 वें जन्मोत्सव के अवसर पर व्यक्त किएद्य स्वामी जी ने विराट हॉस्पिस में कैंसर पीड़ितों के बीच पहुंच कर उनके साथ समय बिताया और कैंसर मरीजों के लिए श्रद्धा निधि का अर्पण किया द्य इस अवसर पर साध्वी मैत्रेयी दीदी डॉ . अखिलेश गुमास्ता डॉ. सुधीर अग्रवाल आदि उपस्थित थे।



## डेंगू चिकनगुनिया, और अन्य मौसमी बीमारियों से बचाव

# विधायक रोहणी के नेतृत्व में निकाली जनजागरूकता रैली

जबलपुर। डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया, एवं अन्य मौसमी बीमारियों से आम नागरिकों को बचाव करने तथा उन्हें इस संबंध में जागरूक करने के उद्देश्य से आज केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री अशोक ईश्वरदास रोहाणी के नेतृत्व में विशाल जनजागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें क्षेत्र के अन्य गणमान्यजनों ने भी भाग लिया। इस मौके पर विधायक श्री अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने पैदल मार्च करते हुए क्षेत्रीय नागरिकों को डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, जैसी बीमारियों से बचाव के लिए जागरूकता संदेश दिया और उन्हें समझाईश दी कि संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए आप सभी घरों के अंदर, बाहर और छतों पर विशेष रूप से स्वच्छता बनाए रखें। श्री रोहाणी ने अपने सभी क्षेत्रीय नागरिकों से आग्रह किया कि संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए एक मात्र उपाए है सावधानी बरतना। उन्होंने आग्रहसहित समझाईश दी कि घरों के अंदर पानी का जमाव न होने दें और ताजा भोजन करें तथा आस पास बढ़िया सफाई रखें।क्षेत्रों में भ्रमण के दौरान विधायक श्री रोहाणी ने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि राँझी क्षेत्र के हमारे सभी गणमान्यजन जागरूक हैं हम उनकी भागीदारियों से संक्रामक बीमारियों को रोकने में कामयाव होगें। आज श्री रोहाणी के नेतृत्व में जो रैली निकाली गई वह दर्शन तिराहे से मस्ताना चौक होते हुए कोतवाल पार्क तक पहुँची जहाँ उन्होंने सभी को संबोधित किया और इस मौसमी बीमारियों से बचाव करने के लिए सावधानी बरतने आग्रह किया। केन्ट क्षेत्र के विधायक श्री अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने विशाल जागरूकता रैली के उपरांत नगर निगम स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों से दवाईयों का छिड़काव अभियान एवं फागिंग कार्यो की भी जानकारी ली और सभी को निर्देशित किया कि पूरे क्षेत्रों में सघन रूप से प्रतिदिन छि?काव अभियान चलाया जाए ताकि लोगों को मौसमी बीमारियों से राहत मिल सके। इस मौके पर श्री दामोदर सोनी, श्री दशरथ पटैल, श्री पुष्पराज सिंह, श्री सोना चौधरी, के साथ साथ अन्य क्षेत्रीय गणमान्यजन उपस्थित रहे।



## भार. वरिष्ठ नाग. एसो. की 123 वीं मासिक बैठक

# कोरोना मे मृत आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति दों

**जबलपुर यशभारत।भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन जबलपुर की 123वीमासिक बैठक 8 सितंबर 2021 को हरिशंकर परसाई भवन में संपन्न हुई। बैठक में कोरोनागाइडलाइन का पालन करते हुए सदस्य उपस्थित हुए।**

एसोसिएशन केअध्यक्ष आर एस तिवारीने बताया कि केंद्र सरकार से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को हाउस रेंट एवं कन्वेंस अलाउंस दिए जाने रेलवे के रिटायरमेंट कर्मचारियों की तरह सेवा निर्मित सुरक्षा कर्मचारियों एवं अधिकारियों को वर्ष में एक बार फ्री पास दिये जाने के साथ अधारताल में केंद्रीय विद्यालय खोले जाने की मांग लंबे अरसे से की जा रही है। सीएसडी कैंटीन से सुरक्षा मजदूरों अधिकारियों को लग्जरी आइटम देने जिस के आदेश भी हो चुके हैं। कटनी एवं इटारसी में सीजीएचएस की डिस्पेंसरी खोले जाने चाहिए। क्योंकि कटनी वालों को जबलपुर एवं इटारसी वालों को भोपाल 90 किलोमीटर दूर दवा लेने जाना पड़ता है। जनवरी 2020 से जून 2021 केडीए का एरियर्स देने वरिष्ठ नागरिकों को नगर निगम द्वारा जल कर की तरह संपत्ति कर में भी 25त्र की छूट दिए जाने सीजीएचएस लाभार्थियों की संख्या 90 हजार को ध्यान में रखते हुए 15 डिस्पेंसरी खोलने की मांग के साथ कोरोना महामारी में मृत कार्यरत एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के जिस परिवार के मुखिया की मृत्यु हुई है उनके परिवार के आश्रित के एक सदस्य को उनकी योग्यता के आधार पर बिना किसी भेदभाव के केंद्रीय विभागों में शीघ्र नौकरी दिए जाने के लिए केंद्र सरकार के संबंधित विभागों प्रधानमंत्री कार्यालय रक्षा मंत्रालय वित्त मंत्रालय स्वास्थ्य मंत्रालय को ज्ञापन प्रेषित किए गए हैं। भेजे गए पत्रों का निराकरण 1 माह में किए जाने का अनुरोध करते हुए निराकरण न होने पर उसका रिमाइंडर पत्र भेजने के बाद आंदोलन पर विचार कर निर्णय लिया जाएगा। बैठक मे डीके सिंह हरजीवनविश्वकर्मा एच एल जागडे हरीसिंह आरआर दुबे अर्जुन कुमार शंकरलाल विनोदिया नारायण प्रसाद दाहिया एसके श्रीवास्तव दिनेश चोरे रमाकांत कटिहार विनायकराव सोरतेप्रीतम यादव नरसिंह दास सोनकरनंदकिशोर सोनकर राम गोविंद पांडे टीके राय घटक अब्दुल रहमान एनपी सिंह ने मांग की है कि केंद्र सरकार सेवा निर्मित कर्मचारियों के हाउस रेंट एवं कन्वेंस अलाउंस का लाभ आदिजाने पर विचार कर शीघ घोषणा करना चाहिए। ताकि सेवा निर्मित केंद्रीय कर्मचारियों पर पढ़ने वाला आर्थिक बोझ से राहतप्रदान हो सके ।

# पॉजिटिव प्रकरणों का बढ़ता ग्राफ, प्रशासन अलर्ट

## अगले दस दिन हमारे लिए ज्यादा महत्वपूर्ण–कलेक्टर

**जबलपुर। लोगों को यह समझाने की जरूरत है कि मास्क लगाने के साथ-साथ वैक्सीन ही कोरोना से बचने का सबसे कारगर उपाय है। पिछले कुछ दिनों में पॉजिटिव प्रकरणों की बड़ती संख्या को देखते हुए कहा कि अगले दस दिन हमारे लिए ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। ये उद्गार कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने वैक्सीनेशन अभियान को गति देने तथा डेंगू और मलेरिया के रोकथाम के उपायों से आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य को लेकर स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारियों की बुधवार को आयोजित वर्चुअल बैठक में व्यक्त किये।**

श्री शर्मा ने कोरोना की संभावित तीसरी लहर से निपटने किये गये इंतजामों की जानकारी देते हुए बताया कि तीसरी लहर न आ पाये इसके लिए प्रशासन पूरी तरह सजग और सतर्क है। श्री शर्मा ने कोरोना संक्रमण की रोकथाम के प्रयासों में स्वयंसेवी संगठनों से पूर्व में मिले सहयोग की सराहना करते हुए आगे भी लगातार सहयोग की अपेक्षा की है।

उन्होंने कहा कि कोरोना वैक्सीनेशन अभियान के तहत जिले के शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों को वैक्सीन की पहली डोज लगाने के लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त करने में स्वयंसेवी संगठनों को भी अपनी सक्रिय सहभागिता निभानी होगी। श्री शर्मा ने बैठक में कहा कि स्वयंसेवी संगठनों को उन क्षेत्रों में शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन की जिम्मेदारी संभालने आगे आना होगा जहां अपेक्षाकृत टीकाकरण कम हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास आने वाले आठ-दस दिनों में शत-प्रतिशत पात्र लोगों को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य प्राप्त करने के हैं। इसके लिए ऐसे लोगों को घर-घर जाकर वैक्सीन लगवाने प्रेरित करना होगा जो इससे छूट गये हैं। कलेक्टर ने वर्चुअल बैठक में डेंगू, मलेरिया की रोकथाम के लिए जिले में किये जा रहे प्रयासों की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवी संगठनों को इन मौसमी बीमारियों की रोकथाम के उपायों के प्रति भी जन-जागरूकता पैदा करने के प्रयासों में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभानी होगी। ऐसे क्षेत्रों में जहां से डेंगू के केस ज्यादा आ रहे हैं वहां स्वयंसेवी संगठनों को विशेष ध्यान देना होगा और

### वैक्सीन और डेंगू से बचाव के प्रयासों में स्वयंसेवी संगठन भी निभायें सक्रिय सहभागिता

स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर काम करना होगा। वर्चुअल बैठक में स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा वैक्सीनेशन अभियान को गति देने, शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन के लक्ष्य को प्राप्त करने तथा डेंगू एवं मलेरिया से बचाव के विषय पर महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये। वर्चुअल मीटिंग से जुड़े समाजसेवी एवं अस्थिरोग विशेषज्ञ डॉ. जीतेन्द्र जामदार ने वैक्सीनेशन अभियान के तहत शत-प्रतिशत लोगों को पहली डोज लगाने के लक्ष्य को प्राप्त करने स्वयंसेवी संस्थाओं को नवाचारों को अपनाने का सुझाव दिया। बैठक में जिला रेडक्रास समिति के सचिव आशीष दीक्षित भी जुड़े थे।

### जिले में मास्क पहनना हुआ अनिवार्य

कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण को रोकने और इससे आमजनों के बचाव के मद्देनजर जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर जिले में मास्क पहनने को अनिवार्य कर दिया है। जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी आदेश में



कहा गया है कि कोरोना संक्रमण को रोकने जिले की राजस्व सीमा में प्रत्येक व्यक्ति को सार्वजनिक स्थल पर मास्क लगाना अनिवार्य होगा। जिले में स्थित सभी सुपर बाजार, मॉल, दुकान, मार्केटिंग काम्पलेक्स एवं सभी व्यापारिक संस्थानों के मालिक, संचालक एवं प्रबंधक भी फेस मास्क पहनेंगे तथा बिना फेस मॉस्क लगाये ग्राहकों को दुकान अथवा संस्थान में प्रवेश की अनुमति नहीं देंगे और न ही उन्हें किसी प्रकार की सेवा देंगे। इसकी जबाबदेही संबंधित दुकानदार तथा मॉल, सुपर बाजार अथवा मार्केटिंग काम्पलेक्स के संचालकों और प्रबंधकों की होगी। आदेश के मुताबिक जबलपुर जिले की राजस्व सीमा अंतर्गत बस, टैक्सी, ऑटो रिक्शा जैसे सभी यात्री वाहनों के संचालक अथवा ड्रायवर एवं कंडक्टर भी बिना मास्क के वाहन का संचालन नहीं कर सकेंगे तथा यात्रियों से फेस मास्क अथवा फेस कवर लगाना सुनिश्चित करेंगे। जिला दंडाधिकारी द्वारा मास्क पहनने की अनिवार्यता संबंधी यह प्रतिबंधात्मक आदेश तत्काल प्रभाव से संपूर्ण जिले में लागू हो गया है। आदेश में कहा गया है कि इसका उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों, दुकानदारों तथा मॉल एवं सुपर बाजार के प्रबंधकों, यात्री वाहनों के संचालक, ड्रायवर एवं कंडक्टर के विरूद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की सुसंगत धाराओं तथा भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के अंतर्गत दांडिक कार्यवाही की जायेगी।

## वर्चुअल बैठक में कलेक्टर ने किया स्वयंसेवी संगठनों से आग्रह

### बढ़ते कोरोना के मरीजों को लेकर जारी किया यह आदेश

जबलपुर जिले में बढ़ते कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने की दृष्टि से तथा आमजन के बचाव हेतु जबलपुर जिले की राजस्व सीमा अंतर्गत कोविड प्रोटोकाल के पालन हेतु स्वास्थ्य विभाग एवं गृह विभाग के आदेशों के क्रम में मास्क पहनने की अनिवार्यता का आदेश जारी किया जाना आवश्यक हो गया है। अतः मैं कर्मवीर शर्मा, कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जबलपुर दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये निम्नानुसार प्रतिबंधात्मक आदेश जारी करता हूँ – 1.जबलपुर जिले की राजस्व सीमा के अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति को सार्वजनिक स्थल पर मास्क लगाना / मुँह ढकना अनिवार्य है। 2 जबलपुर जिले की राजस्व सीमा अंतर्गत समस्त सुपरबाजार, मॉल, दुकान, मार्केटिंग कॉम्पलेक्स आदि समस्त व्यावसायिक संस्थानों के दुकानदार / मालिक / संचालक / प्रबंधक आदि बिना फेस मास्क लगाये आने वाले ग्राहको/ व्यक्तियों को किसी भी प्रकार की सेवा प्रदाय नहीं करेगें और न ही उन्हें प्रवेश करने की अनुमति देंगे। इसकी जवाबदेही संबंधित संस्था की होगी। 3. जबलपुर जिले की राजस्व सीमा अंतर्गत समस्त यात्री वाहन जैसे बस, टैक्सी, ऑटो रिक्शा आदि के संचालक (ड्रायवर / कंडक्टर) बिना मास्क के वाहन चालन नहीं करेंगे एवं यात्रियों से भी फेस मास्क / फेस कवर लगवाना सुनिश्चित करेंगे। यह आदेश आम जनता को संबोधित है। चूंकि वर्तमान में मेरे समक्ष ऐसी परिस्थितियां नहीं हैं और न ही यह संभव है कि इस आदेश की पूर्व सूचना प्रत्येक व्यक्ति को दी जाये यह आदेश एक पक्षीय पारित किया जाता है। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले दुकानदार / मालिक / प्रबंधक / संचालक (ड्रायवर / कंडक्टर) के विरुद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की सुसंगत धाराओं

## रेलवे की संपत्ति किसी भी कीमत पर निजी हाथों में नहीं जाने देंगे

### रेलवे एंप्लाइज यूनियन नेतीनों मंडलों में हुआ विरोध प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर यश भारत।** केन्द्र सरकार की मोनेटाइजेशन (मौद्रीकरण) पॉलिसी जिसमें 400 रेलवे स्टेशन, 90 पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन 1400 किमी का रेल ट्रेक, 265 गुड्स शेड, 741 किमी का कोंकण रेलवे, 4 हिल स्टेशन, 673 किमी डेडीकेटेड फ्रेट कॉरीडोर, 15 रेलवे स्टेडियम तथा रेलवे कालोनियों को निजी हाथों में सौंपे जाने की योजना है. सरकार की इस योजना के खिलाफ आल इंडिया रेलवे मेंस फ़ेडरेशन (एआईआरएफ) के आव्हान पर वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन (डबलूसीआरईयू) द्वारा चेतावनी दिवस का आयोजन किया, जो जबर्दस्त सफल रहा. इस मौके पर यूनियन नेताओं ने केंद्र सरकार को चेतावनी दी कि रेलवे की संपत्ति को किसी भी कीमत में निजी हाथों में नहीं जाने दिया जाएगा, चाहे इसके लिए कितने भी आंदोलन व बलिदान क्यों न देना पड़े.



उल्लेखनीय है कि रेलवे के मौद्रीकरण (मोनीटाइजेशन) के खिलाफ एआईआरएफ व डबलूसीआरईयू ने सख्त रुख अपनाते हुए बिरोध प्रदर्शन आंदोलन का आगाज किया है. इसके तहत बुधवार को पश्चिम मध्य रेलवे के तीनों रेल मंडलों कोटा, जबलपुर व भोपाल की सभी शाखाओं ने अपने-अपने मुख्यालय में विरोध प्रदर्शन किया और भारत सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा इस संबंध में एआईआरएफ के असिस्टेंट जनरल सेक्रेट्री व डबलूसीआरईयू के महामंत्री मुकेश गालव, जबलपुर मंडल सचिव नवीन लिटोरिया व मंडल अध्यक्ष बीएन शुक्ला ने कहा है कि एआईआरएफ/ डबलूसीआरईयू केन्द्र सरकार के रेलवे संपत्तियों के मौद्रीकरण के निर्णय का पुरजोर विरोध करती है. उन्होंने कहा कि इसी संबंध में आज 8 सितम्बर को चेतावनी दिवस मनाया गया, जिसके तहत पमरे के तीनों रेल मंडलों कोटा, जबलपुर व भोपाल के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालयों के अलावा यूनियन की सभी शाखाएं अपने-अपने मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन कर भारत सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा।

## एमपी ट्रांसको एसएलडीसी बना सायबर सिक्योरिटी लागू करने वाला देश का पहला पावर यूटिलिटी

जबलपुर,। मध्यप्रदेश राज्य लोड डिस्पेच सेंटर जबलपुर पावर सेक्टर में सायबर क्राइसिस प्रबंधन योजना लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने जानकारी दी कि केन्द्र शासन के निर्देश पर मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के स्टेट लोड डिस्पेच सेंटर के इंजीनियरों ने विशेषज्ञ सलाहकारों की मदद लिए बिना इनहाऊस यह सायबर क्राइसिस प्रबंधन योजना तैयार की है। इस योजना का अनुमोदन कम्प्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (सीईआरटी इंडिया) भारत सरकार द्वारा करवाकर इसे लागू किया है। यह पावर सेक्टरों में सायबर अटैक को रोकने अंतरराष्ट्रीय स्तर की एक कारगर प्रणाली है। यह लोड डिस्पेच सेंटर में स्थापित सभी कम्प्यूटर प्रणालियों की सायबर सुरक्षा से संबंधित है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश देश का



समूचे देश में लागू होगी मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा विकसित प्रणाली

ऐसा पहला राज्य है, जिसके लोड डिस्पेच सेंटर को आईएसओ 27001 द्वारा प्रमाणित भी किया गया है। यह सर्टीफिकेट सायबर सिक्योरिटी के अनुपालन के लिए प्रदाय किया जाता है।

इस प्रणाली को लागू करने का लाभ यह है कि मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी का समूचा सिस्टम बाहरी सायबर अटैक से सुरक्षित रहेगा और कोई भी हैकिंग या वायरस के माध्यम से प्रदेश की बिजली प्रणाली में छेड़छाड़ नहीं कर पाएगा। मालूम हो कि गत वर्ष मुंबई की बिजली प्रणाली इस सायबर अटैक का शिकार हुई थी, जिसके कारण मुंबई में घंटों विद्युत व्यवधान रहा था। इस घटना के बाद ही समूचे देश के पावर सेक्टरों को इस तरह की सायबर सुरक्षा तैयार करने के निर्देश केन्द्र शासन द्वारा दिए गए थे। मध्यप्रदेश के लिये यह गौरव की बात है कि भारत में पावर सेक्टर को विभिन्न दिशा निर्देश देने वाली संस्था पोसोको (पावर सिस्टम ऑपरेशन कार्पोरेशन लिमिमिटेड) और इनफार्मेशन सुरक्षा से संबंधित राष्ट्रीय नोडल एजेंसी एनसीआईआईपीसी(नेशनल क्रिटिकल इनफार्मेशन इन्फास्ट्रक्चर प्रोटेक्शन सेंटर) ने मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी के द्वारा तैयार किए इस प्रबंधन योजना को पहले परीक्षण में ही अनुमोदन प्रदान कर इस प्रणाली के पावर सिस्टम संबंधित सभी प्रस्तावों को स्वीकार किया है। यह प्रणाली राज्य लोड डिस्पेच सेंटर जबलपुर के मुख्य अभियंता केके प्रभाकर एवं अधीक्षण अभियंता राजेश गुप्ता के प्रयास से ही संभव व तैयार हो पायी।

## स्टेशन पर लाइसेंस धारी से ही करें खरीदारी

**जबलपुर यश भारत।** जबलपुर रेलवे स्टेशन पर के खाद्य सामग्री बेचने वाले अवैध वेंडरों के विरुद्ध सख्त मुहिम चलाई गई। इस मुहिम में लगभग आधा दर्जन वेंडर को पकड़कर अधिकारियों ने उन पर कार्यवाही करते हुए बासी तथा अमानक खाद्य सामग्री को जब्त करके नष्ट किया। जबलपुर रेलवे स्टेशन पर अवैध रूप से खाद्य सामग्री ऊंचे दाम पर तथा अमानक स्तर की बेचने की मिल रही शिकायतों को लेकर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्वरंजन ने स्टेशन निर्देशक मृत्युंजय कुमार के साथ मुख्य टिकट निरीक्षक मनोज शर्मा तथा स्टेशन मैनेजर वाणिज्य रंजीत कैथवास के नेतृत्व में एक टीम का गठन करके जबलपुर स्टेशन के सभी प्लेटफार्म पर अवैध वेंडरों को पकड़ने का कार्य करने का निर्देश दिया। इस टीम ने विभिन्न प्लेटफार्म पर फेरी लगाकर अमानक एवम प्रदूषित खाद्य सामग्री बेचने वालों को पकड़ कर उनसे एक ट्राली खाद्य सामग्री तथा उसमें प्रयुक्त होने वाले अन्य सामग्री को जप्त किया। रेल प्रशासन ने रेल यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे स्टेशन पर खाद्य सामग्री अधिकृत लाइसेंस धारी वेंडर से ही खरीदें तथा उचित मूल्य से अधिक की राशि उन्हें प्रदान ना करें।

**आधा दर्जन अवैध वेंडर्स के विरुद्ध हुई कार्यवाही**

### सीवर लाईन / सड़क मरम्मत कार्य

## मॉडल रोड पर यातायात व्यवस्था

**जबलपुर।** वर्तमान में नौदरा ब्रिज से रसल चौक सीवर लाईन कार्य चलने के कारण उक्त मार्ग पूर्णतः बंद है, साथ ही मानस भवन रोड, घंटाघर से तैयबअली रोड मरम्मत कार्य एवं ओव्हर ब्रिज निर्माण कार्य होने के कारण ब्लूम चौक, सेट नार्बट तिराहा, पुराना बस स्टैण्ड तिराहा में यातायात का दबाव अधिक हो गया है, इस तात्कालिक समस्या के निवारणार्थ यातायात पुलिस द्वारा ब्लूम चौक, पुराना बस स्टैण्ड, सेंट नाईट पर अतिरिक्त यातायात बल तैनात किया गया है एवं सिग्नल की टाइमिंग रीसेटिंग करवाई गई है। पीक ऑवर्स में ब्लूम चौक पर यातायात का दबाव अधिक होने पर आदित्य हॉस्पिटल क्रासिंग, छोटी लाईन फाटक, जबलपुर हॉस्पिटल तिराहा, सेंट नार्बट तिराहे से बड़े वाहनों का डायवर्सन किया जा रहा है। अतः जबलपुर के नागरिकों से अपील है कि आवागमन में होने वाली समस्या से बचने के लिए मॉडल रोड का उपयोग न करते हुए अन्य वैकल्पिक मार्ग पुल नं. 02-03, मदनमहल अंडरब्रिज का उपयोग करें । यातायात व्यवस्था बनाये रखने में यातायात पुलिस को अपना सहयोग प्रदान करें ।



## डॉ संजय भारती को शंकराचार्य जी ने किया सम्मानित

**जबलपुर।** परम पूज्य ज्योतिष एवं द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज के प्राक्टय उत्सव पर सात दिवसीय कार्यक्रम में पूज्य शंकराचार्य जी के सानिध्य में मंगलवार को जबलपुर शहर के वरिष्ठ चिकित्सकों का सम्मान एवं अभिनंदन झोतेश्वर परमहंसी गंगा आश्रम में किया गया। पूज्य शंकराचार्य जी ने डॉक्टर संजय भारती का सम्मान कोविद 19 महामारी में उनके विशेष योगदान के लिए प्रदान दिया । जिन्होंने अपने परिवार व अपनी जान की परवाह ना करते हुए दिन रात कोविड के मरीजों की सेवा की।डॉ भारती ने कहा कि जगतगुरू शंकराचार्य महाराज जी के कर कमलों से सम्मान पाकर हृदय आंनद से अभिभूत हो गया। ये मेरा परम सौभाग्य है, की ओर मुझे बार बार उनका आशीर्वाद मिलता रहता है।

## परेशानियों से मुक्ति के लिए ईश्वर आराधना ही एकमात्र मार्ग

**जबलपुर।** देवी भागवत कथा मानव कल्याण के साथ हमें सत्य के मार्ग पर चलने की सीख देती हैं। मनुष्य को सही रास्ते पर चलने के लिए पुराणो एवं कथाओं का समय-समय पर अनुसरण करते रहना चाहिए। उपरोक्त उद्गार बाबा कल्याण दास महाराज की अध्यक्षता में माँ वैष्णो देवी सेवा समिति,जबलपुर द्वारा मानस भवन, राईट टाउन में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा महोत्सव के चतुर्थ दिन व्यासपीठ से परम पूज्य कृष्ण किंकर जी महाराज च्वृन्दावनज्ञ ने व्यक्त किया महाराज श्री ने कहा कि संसार दुःखों का सागर है। प्रत्येक प्राणी किसी न किसी तरह से दुखी व परेशान है। कोई स्वास्थ्य से दुखी है, कोई परिवार, कोई धन, तो कोई संतान को लेकर परेशान है। सभी परेशानियों से मुक्ति पाने के लिए ईश्वर की आराधना ही एकमात्र मार्ग है। इसलिए व्यक्ति को अपने जीवन का कुछ समय हरिभजन में लगाना चाहिए। महाराज जी ने कहा कि श्रीमद देवी भागवत महापुराण वह अमृत है।



## आईटीआई में रोजगार मेला कल

जबलपुर। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के उद्देश्य से जिला प्रशासन के निर्देशानुसार यशस्वी ग्रुप पीपीपी पार्टनर रोजगार कार्यालय द्वारा जिले के बेरोजगार युवाओं हेतु एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन शासकीय मॉडल आई.टी.आई. में शुक्रवार 10 सितम्बर को किया जा रहा है। रोजगार मेला में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लेने हेतु सहमति प्रदान की है। रोजगार मेला में सम्मिलित होने हेतु योग्यता दसवीं एवं बारहवीं तथा आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक डिप्लोमा योग्यता वाले तथा 18 से 30 वर्ष आयु वाले आवेदकों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा। आवेदक प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक शासकीय मॉडल आई.टी.आई. जबलपुर में अपने समस्त शैक्षणिक व अन्य प्रमाण पत्रों सहित उपस्थित होकर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

## महिला विंग ने किया रेलवे कॉलोनी में पौधारोपण

जबलपुर यश भारत । वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ के अध्यक्ष डॉ आर.पी. भटनागर के निर्देशानुसार महिला विंग महामंत्री एवं उपाध्यक्ष श्रीमति सविता त्रिपाठी द्वारा रेलवे कालोनी में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमति अशोका विश्वास उपस्थित थी।

### इनका रहा सराहनीय सहयोग

संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सीएम उपाध्याय, महामंत्री अशोक शर्मा, सयुक्त महामंत्री सतीश कुमार, मंडल सचिव डीपी अग्रवाल, सहा. महामंत्री एस.के. सिन्हा, आर.ए. सिंह, ओपी चौकसे, रूपेश गुप्ता एवं वरि. नेत्री प्रमिला दुबे, दुर्गा तिवारी, कमला कोरी, शिमला शर्मा, रिनी, अंजुलिका, सुनीता, रंजनी, प्रिया आदि सभी के सहयोग से



वृक्षारोपण का कार्यक्रम सफल हुआ।पौधारोपण में नीम, अशोक और आंवला के पौधे आदि औधषि के रूप में लगाये गये। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्रीमति अशोका विश्वास, महामंत्री अशोक शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष सीएम उपाध्याय, मंडल सचिव डीपी अग्रवाल द्वारा वृक्षो का महत्व समझाया व प्रकृति को संवारने एवं मानव कल्याण हेतु सभी से अनुरोध किया की कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाएं।

### लोक अदालत में प्रकरणों का निपटान

## बीएसएनएल ने रखा विशेष छूट का प्रावधान

**जबलपुर।** 11 सितंबर को मध्य प्रदेश विधिक सेवा प्रधिकरण जबलपुर द्वारा सभी तहसील/ जिला न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। जिसमें आपसी समझौते के आधार पर प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। इसी तारतम्य में भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने भी अपनी राजस्व की लंबित राशि से सम्बंधित लगभग 1400 प्रकरणों को जबलपुर, सिहोरा, पाटन तथा कटनी न्यायालय में प्रस्तुत किया है। बीएसएनएल ने नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निपटान के लिए विशेष छूट का प्रावधान रखा है। उपभोक्ता अपनी सुविधा के अनुसार प्रकरण के निपटान के लिए बीएसएनएल के क्षेत्रीय कार्यालय में भी 11सितंबर के पूर्व भी संपर्क कर छूट का फायदा उठा सकते है। दूरभाष / मोबाइल/एफ टी टी एच के लंबित राशि के प्रकरणों से सम्बंधि उपभोक्ता से बीएसएनएल आपसी समझौते से छूट का लाभ लेकर प्रकरण निपटाने की अपील करता है।

## गोसलपुर में विक्षिप्त का कई टुकड़ों में बंट गया शव

**जबलपुर, यशभारत।** थाना गोसलपुर क्षेत्र में खजरी फाटक रेलवे ट्रेक के पास एक विक्षिप्त पांतों में लेट गया। जिसके बाद गुजरी ट्रेन से शव कई टुकड़ों में बंट गया। यह वीभत्स दृश्य देख लोगों के रौंगटे खड़े हो गए। जिसके बाद पुलिस ने शव कब्जे में लेकर प्रारंभिक जाचं की तो पता चला कि युवक मानसिक तौर पर दिव्यांग था। जो खेल-खेल में ट्रेन की पटरी में लेट गया। जिसकी दर्दनाक मौत हो गयी। जानकारी अनुसार अरूण सिंह गहरवार उम्र 31 वर्ष रेल्वे स्टेशन गोसलपुर ने सूचना दी कि सिहोरा गोसलपुर रेल खण्ड खजरी फाटक के पास अप ट्रेक एवं डाउन ट्रेक के बीच एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा है । सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा अज्ञात मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास किये गये। जिस पर मृतक की शिनाखत सतीश पटैल उम्र 28 वर्ष निवासी सुहागी अधारताल के रूप में हुई। पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। प्रारम्भिक जांच से ज्ञात हुआ कि मृतक सतीष पटैल मानसिक रूप से विक्षिप्त था।

**खजरी रेलवे ट्रेक पर खेल-खेल में लेट गया था युवक**

### हरितालिका व्रत करने आई थी मायके, पेट में दर्द के बाद महिला की मौत

**जबलपुर, यशभारत।** थाना बरेला में एक महिला की रहस्यमयी ढंग से मेडिकल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। महिला अपने मायके हरितालिका व्रत मनाने आई थी, लेकिन पेट में दर्द होने के बाद जब महिला को मेडिकल में भर्ती किया गया तो अचानक उसकी मौत हो गयी। वहीं, बरेला जांच अधिकारी अशोक गर्ग के मुताबिक महिला ने जहरीली वस्तु का सेवन किया है कि नहीं, यह पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा। जानकारी अनुसार मेडिकल कॉलेज से पुलिस को सूचना मिली कि वंदना वंशकार उम्र 21 वर्ष निवासी शारदा मंदिर बरेला को अपने घर पर अज्ञात जहरीली वस्तु का सेवन करने से परिजनों द्वारा उपचार हेतु शासकीय अस्पताल बरेला ले जाया गया था जहां से उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज रेफ र किये जाने पर भाई पप्पू वंशकार द्वारा वंदना वंशकार को मेडिकल कॉलेज लाया गया था जहां डाक्टर ने परीक्षण कर वंदना वंशकार को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

### खनिज तस्कर पर कार्रवाई– बगैर रॉयल्टी ढुल रहा थी गिट्टी, पुलिस ने दबोचा

**जबलपुर, यशभारत।** थाना अधारताल में पुलिस ने घेराबंदी कर एक खनिज माफिया को उस वक्त दबोच लिया जब वह अवैध रुप से गिट्टी का परिवहन कर रहा था, जब पुलिस ने वाहन चालक को रोककर पूछताछ की तो वह रॉयल्टी के दस्तावेज नहीं दे पाया। जिसके बाद पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर, गिट्टी मय वाहन के जब्त कर लिया। पुलिस ने बताया कि महाराजपुर तिराहा में डम्फ र क्रमांक एमपी 20 जी ए 2266 जिसमें गिट्टी लोड थी, को रोककर डम्फ र चालक राजेश सिंह उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम पिपरिया इमलिया मोड़ अधारताल को रोककर पूछताछ की तो चालक रायल्टी नहीं बता पाया। इतना ही नहीं डम्फर चालक खनिज गिट्टी बगैर अनुमति के परिवहन करना पाये जाने पर कार्रवाई को अंजाम दिया गया।



## राँझी स्थित मिनी स्टेडीयम में सिन्थेटिक ट्रैक लगाने भूमि पूजन

जबलपुर। राँझी स्थित मिनी स्टेडीयम में सिन्थेटिक ट्रैक के निर्माण हेतु आज भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन के इस कार्यक्रम में प्रदेश की खेल और युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास तथा रोज़गार मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया वर्चूअल रूप से उपस्थित थीं। इस अवसर पर सांसद श्री राकेश सिंह वर्चुअल रूप से तथा क्षेत्रीय विधायक श्री अशोक रोहाणी, कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ बहुगुणा भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में सांसद श्री राकेश सिंह ने रांझी स्थित मिनी स्टेडियम में सिन्थेटिक ट्रैक लगवाने पर खेल मंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के समापन पर ज़िला खेल और युवा कल्याण अधिकारी प्रदीप सिंह रावत द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# आठ फीसद लोगों को अब तक नहीं लगा पहला डोज
# एक हफ्ते में पूरा करना है लक्ष्य

भोपाल। भोपाल में टीकाकरण के प्रति शुरू से लोगों का अच्छा रुझान रहा है। यही वजह है कि भोपाल में 18 साल से ऊपर की 19 लाख 50 हजार की आबादी में 17 लाख 88 हजार यानी 92 फीसद को टीका लगाया जा चुका है। एक लाख 61 हजार 987 लोगों का पहला डोज लगना अभी बाकी है। 15 सितंबर तक यानी आठ दिन के भीतर सभी को टीका लगाने का लक्ष्य है। यानी हर दिन 20 हजार से ज्यादा लोगों को टीका लगाना होगा। हफ्ते भर के आंकड़े बताते हैं कि 12 हजार से कम लोग ही पहला डोज लगवाने के लिए आगे आए हैं।

उधर, प्रदेश में बुधवार को 6 लाख 15 हजार लोगों को टीका लगाया गया। इसके साथ अब प्रदेश में कुल पांच करोड़ से ज्यादा डोज लग गए हैं। भोपाल में बुधवार को 29 हजार 236 लोगों को टीका लगाया गया।

भोपाल में अब तक लगा पहला डोज- 92 फीसद को
अब तक दोनों डोज लगे- 37 फीसद को
भोपाल में टीका लगवाने वालों में पुरुष- 55 फीसद
महिलाएं -- 45 फीसद
भोपाल में कुल डोज में कोविशील्ड लगी -87 फीसद को
कोवैक्सीन लगी- 13 फीसद को
पिछले आठ दिन में भोपाल और प्रदेश में लगा पहला और दूसरा डोज




भोपाल -------------मध्य प्रदेश
दिनांक--पहला--दूसरा-- पहला -- दूसरा
7 सितंबर --11, 831 --11, 892 -- 167147--81435
6 सितंबर --9079-- 17094--428638--200931
5 सितंबर --313--1387--98074--49533
4 सितंबर --7520--16351-- 310086 --171931
3 सितंबर --6111--9693 --101689 --58734
2 सितंबर--6659-15065 --370128 --175521
1 सितंबर --7864--15962 --539052 --199239
भोपाल में टीकाककरण का लक्ष्य- 19.5 लाख
प्रदेश में टीकाकरण का लक्ष्य-- 5.48 करोड़
अब तक लगा पहला डोज -- 4,07,28,441
अब तक लगा दूसरा डोज--93,91,403

15 सितंबर तक सभी को पहला डोज लगाने का लक्ष्य है। हर दिन 20 हजार से ज्यादा लोगों को पहला डोज लगाया जाना है। मोबाइल वैन भी टीकाकरण के लिए चल रही हैं।

- डा. उपेन्द्र दुबे, जिला टीकाकरण अधिकारी



# आर्थिक गतिविधियां पटरी पर लौटीं, पिछले साल से बढ़ी सरकार की आय

भोपाल। प्रदेश में कोरोना संकट के दौरान थमी आर्थिक गतिविधियां धीरे-धीरे पटरी पर आती जा रही हैं। इसका असर अब सरकार के राजस्व पर भी नजर आने लगा है। अप्रैल से अगस्त 2021 तक वाणिज्यिक कर, पंजीयन और आबकारी से सरकार को पिछले साल के मुकाबले साढ़े सात हजार करोड़ रुपये अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है। सिर्फ वृत्ति-कर से होने वाली आय पिछले साल की तुलना में डेढ़ प्रतिशत कम है।मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पिछले दिनों राजस्व प्राप्ति की स्थिति को लेकर समीक्षा की थी। इसमें वित्त विभाग ने जो रिपोर्ट प्रस्तुत की थी, उसके मुताबिक अप्रैल से अगस्त 2021 के बीच वाणिज्यिक कर में छह हजार करोड़ रुपये राजस्व अधिक मिला है। राज्य के भीतर वस्तु और माल पर लगाए जाने वाले कर और एकीकृत माल और सेवा कर में लगभग 57 फीसद राजस्व अधिक मिला है। क्षतिपूर्ति चार हजार करोड़ रुपये की प्राप्त हुई है।वहीं, अन्य करों के मामध्य से पौने छह हजार करोड़ रुपये से अधिक मिले हैं। पंजीयन से दो हजार 811 करोड़ रुपये का राजस्व मिला है। पंजीयन में दो फीसद की छूट देने से रजिस्ट्री अधिक हुईं, जिसका फायदा सरकार को हुआ है। वहीं, महिलाओं के नाम संपत्ति का पंजीयन कराने से करीब 122 करोड़ रुपये का लाभ हुआ है।

आबकारी से तीन हजार 700 करोड़ रुपये का राजस्व मिला है, जो पिछले साल इसी अवधि तक तीन हजार 46 करोड़ रुपये था। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि पिछले साल अप्रैल से अगस्त तक 17 हजार 139 करोड़ रुपये राजस्व मिला था, जो मौजूदा वित्तीय वर्ष में 24 हजार 971 करोड़ रुपये मिला है। राजस्व प्राप्ति के इस आंकड़े से साफ है कि प्रदेश में आर्थिक गतिविधियां तेजी के साथ बढ़ रही हैं।

### बकाया वसूली के लिए होगी सख्ती

उधर, सरकार अब बड़े बकायादारों से वसूली के लिए सख्ती करेगी। इसके लिए सभी विभागों को सूची बनाकर काम करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रतिमाह मुख्य सचिव और मुख्यमंत्री के स्तर पर समीक्षा होगी।

# मध्य प्रदेश भाजपा की रणनीति एक जैसी बात और बयान हों सार्वजनिक



भोपाल । बयानों की फजीहत से बचने के लिए मध्य प्रदेश भाजपा ने नया फार्मूला अख्तियार कर लिया है। संगठन में प्रवक्ताओं और मीडिया पैनलिस्टों की भारी-भरकम फौज को तैनात करने के बाद इन्हें अलग तरीके से प्रशिक्षित भी किया जा रहा है। अब मीडिया संस्थानों की भांति पार्टी के प्रवक्ताओं के साथ प्रतिदिन सुबह प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, पार्टी के पदाधिकारी और मुद्दों से संबंधित कैबिनेट मंत्री की ऑनलाइन कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक होने लगी है। इस कवायद का सीधा सा उद्देश्य है कि किसी भी मुद्दे पर पार्टी और सरकार का क्या रुख है, यह सुबह ही चर्चा के साथ तय हो जाए और उन्हें जानकारी दे दी जाए, जिससे विभिन्न् मीडिया माध्यमों को बयान देने में पार्टी के प्रवक्ताओं को दिक्कत न हो और उनके बयानों में कोई अंतर न हो। दरअसल, मध्य प्रदेश भाजपा में पहली बार दिल्ली से सीधे निगरानी का दायरा काफी बढ़ चुका है। संगठन के राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों का भोपाल आना-जाना बढ़ा है। पार्टी पदाधिकारियों, सांसदों, मंत्रियों और विधायकों को विभिन्न् आयोजनों के माध्यम से समय-समय पर प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। हाईकमान स्तर पर पार्टी और सरकार की छवि को लेकर काफी सतर्कता बरती जा रही हैपार्टी और सरकार के सामने विरोधाभासी या अलग-अलग बयान आने से किरकिरी होने की स्थिति न बने, इसलिए मीडिया पैनलिस्ट को भी एक स्वर में बात रखने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। चूंकि मध्य प्रदेश उन राज्यों में शुमार है, जहां बतौर विपक्ष कांग्रेस सबसे मजबूत स्थिति में है, तो पार्टी हिट विकेट होने जैसी कोई चूक करने को तैयार नहीं है। इसे ध्यान में रखते हुए प्रवक्ताओं को सुबह ही ऑनलाइन बैठक के माध्यम से विभिन्न् मुद्दों पर जानकारी दे दी जाती है और यह तय कर लिया जाता है कि किसी भी मुद्दे पर पार्टी और सरकार का रुख क्या होना है।खास बात है इसमें संबंधित मुद्दों के कैबिनेट मंत्री को भी शामिल किया जाता है, जिससे कोई भी अप्रिय स्थिति ना बने। कांफ्रेंस में अभी तक मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, नगरीय प्रशासन और आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह,ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर,प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा आदि शामिल हो चुके हैं।उल्लेखनीय है कि पार्टी के प्रवक्ताओं और इंटरनेट मीडिया पर सक्रिय कार्यकर्ताओं की बैठक में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बोल चुके हैं कि अक्सर दूसरे दलों के प्रवक्ता मीडिया डिबेट में गलत आंकड़े और अधूरी जानकारी के साथ शामिल हो जाते हैं, जिससे उन्हीं की पार्टी की किरकिरी होती है। अपनी बात दमदारी से रखने के लिए तथ्य और आंकड़ों से मजबूत होना चाहिए। जिस विषय पर बात करें, उसकी पूरी समझ होना चाहिए। सियासत से परे मुद्दों में संवेदनशील पक्ष को भी ध्यान रखना जरूरी है। चौहान द्वारा दिए गए टिप्स का असर इन दिनों भाजपा के प्रवक्ताओं की कार्यशैली में भी दिखाई पड़ने लगा है।

यह नवाचार है। प्रवक्ता और पैनलिस्ट की भूमिका किसी भी मुद्दे पर कैसी हो,इस बारे रोज आधे घंटे बातचीत करते हैं। इसमें मंत्री से शासन का पक्ष लेकर हम जनता से साझा करते हैं। कांग्रेस के झूठ को पूरी प्रमाणिकता के साथ जनता के सामने रखा जाए,यही हमारा लक्ष्य है।

**यशपाल सिंह सिसौदिया, प्रवक्ता भाजपा मप्र**

# वित ?तीय लेन-देन में ऑनलाइन सहूलियत का झांसा, चार साल में 11 सौ लोगों को फांसा

भोपाल । एटीएम कार्ड बंद होने और केवाइसी अपडेट कराने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह के एक अन्य सदस्य को साइबर क्राइम टीम ने पश्चिम बंगाल के आसनसोल से गिरफ्तार किया है। इस गिरोह के पांच सदस्यों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। यह गिरोह करीब चार साल से ठगी की वारदात कर रहा है और करीब 11 सौ लोगों से दो करोड़ रुपये से ज्यादा हड़प चुका है। फिलहाल पुलिस गिरफ्त में आए आरोपित से पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि वह 15 हजार में रुपये किराये पर खाता लेकर उनमें लोगों से ठगी गई रकम जमा करवाता था। आरोपितों ने पुलिस को बताया है कि वे ठगी की रकम जमा करने के लिए ज्यादातर निजी बैंकों के खाते किराये पर लेते थे। इसका कारण वे निजी बैंक से ज्यादा राशि निकालने की सुविधा मिलना बताते हैं। आरोपित अभी तक ऐसे सौ बैंक खातों का उपयोग ठगी के लिए कर चुके हैं। गिरफ्तार आरोपित के पास से एक निजी बैंक की पासबुक, एटीएम कार्ड, मोबाइल और तीन सिम बरामद की गई हैं। बता दें कि इस गिरोह ने भेल के एक सेवानिवृत्त अफसर के खाते से इसी तरह ठगी कर 10.40 लाख रुपये की निकाले थे। इसकी शिकायत पर पुलिस एफआइआर दर्ज कर आरोपितों की तलाश में लगी थी।

# सूखी सेवनिया में अमोनी गांव रोड पर पांच एकड़ में आकार ले रहा अनूठा जिनालय



**भोपाल।** राजधानी के सूखी सेवनिया गांव में पांच एकड़ क्षेत्र में ढाई करोड़ की लागत से अनूठा जिनालय बनकर तैयार हो रहा है जिसमें कैलाश पर्वत पर भगवान आदिनाथ और उनके पुत्र भरत चक्रवर्ती व बाहुबली की 21-21 फीट ऊंची प्रतिमाएं विराजमान होंगी। भगवान आदिनाथ, उनके पुत्र भरत चक्रवर्ती व बाहुबली भगवान की प्रतिमाए मुकेश जैन (डब्बू भैया) की ओर से दी गई है। प्रतिमा राजस्थान के मकराना से बनवाकर मंगाई गई हैं। तीनों प्रतिमाओं की लागत 42 लाख है। पहाड से बहता झरना भी दिखाई देगा। वहीं पहाड़ के नीचे एक गुफा रहेगी जो कि संतों का निवास स्थान होगा।आचार्य श्री विशुद्ध सागर व सन्मति सागर महाराज की प्रेरणा से जिनालय की रचना की जा रही है। इसमें त्रिकाल चौबीसी होगी। इसके लिए 72 मंदिर बन कर तैयार हो गए है। जिनमें 72 जिन प्रतिमा स्थापित होंगी। 72 मंदिरों में स्थापित होने वाली जिन प्रतिमाएं भी आ चुकी हैं। कैलाश पर्वत क्षेत्र के अष्टपद में भगवान आदिनाथ का माघ कृष्ण पक्ष में ही निर्वाण हुआ था। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष नरेन्द्र जैन के मार्गदर्शन में 90 फीसद काम पूरा हो चुका है।मुकेश जैन (डब्बू भैय्या) ने बताया कि 2022 में आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी के सानिध्य में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा होगी। निर्माणधीन कैलाश पर्वत का 90 फीसद कार्य पूरा हो चूका है, जिसमें लगभग 2 करोड़ रुपये का कार्य किया जा चुका है। मुनि श्री आदित्य सागर जी महाराज आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी के शिष्य हैं। उनके आशीर्वाद से भगवान चन्दाप्रभु की लगभग 33 इंच की अतिशयकारी प्रतिमा जो लगभग 1200 साल प्राचीन है। उसको विराजमान करने के लिए एक नवीन मंदिर का निर्माण नरेंद्र वर्धमान के द्वारा किया जा रहा है । 24 भगवान की रत्नों की प्रतिमाएं भी विराजमान होंगी जिसकी वेदी भी आ चुकी है। इन रत्नों की प्रतिमाओं को दिलीप जैन (मिंगू भाई) के द्वारा विराजमान की जा रहा है।प्रथम तीर्थंकर भगवान की मोक्ष स्थली = भगवान आदिनाथ जैन समाज के प्रथम तीर्थकर हैं। कैलाश पर्वत उनकी मोक्ष स्थली है। उनके ज्येष्ठ पुत्र भरत चक्रवर्ती ने इस तरह के जिनालयों की रचना की थी। उसी की प्रतिकृति के रूप में यह जिनालय तैयार होगा।

# बासमती धान के मामले में स्क्को मिली बड़ी कामयाबी, सुप्रीम कोर्ट का निर्देश-जीआइ टैग पर पुनर्विचार करे मद्रास हाईकोर्ट

भोपाल। प्रदेश में बासमती धान की खेती तो बरसों से होती है पर इसे बतौर बासमती धान मान्यता नहीं है। इसे हासिल करने के लिए शिवराज सरकार पिछले कार्यकाल से संघर्ष करती आ रही है, जिसे अब बड़ी सफलता मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार की दलीलों को स्वीकार करते हुए आदेश दिया है कि मद्रास हाईकोर्ट फिर भौगोलिक संकेतक (जीआइटी टैग) पंजीयन मामले में सुनवाई करे। प्रदेश सरकार के तर्कों को ध्यान में रखकर निर्णय ले।



प्रदेश के 13 जिलों में परंपरागत रूप से बासमती धान की खेती होती है लेकिन जीआइ टैग नहीं होने की वजह से इसे बासमती धान की मान्यता नहीं मिली है। इससे किसानों को बासमती धान की खेती करने पर भी उचित मूल्य नहीं मिला। इसके मद्देनजर शिवराज सरकार ने पिछले कार्यालय में जीआइ टैग के लिए आवेदन किया था। शुरुआत में मध्य प्रदेश के पक्ष में निर्णय आया था जिसे लेकर कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

इसमें प्रदेश के पक्ष को खारिज कर दिया गया था, जिसके खिलाफ सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार की ओर से प्रस्तुत दलीलों को स्वीकार करते हुए मद्रास हाईकोर्ट को इस मामले में फिर से सुनवाई करने के आदेश दिए हैं।

### निर्यात

केंद्र सरकार की डीजीसीआइएस वेबसाइट पर मध्य प्रदेश के मंडीदीप कंटेनर डिपो से लगातार बासमती धान के निर्यात की जानकारी दी गई है। 2010-11 से 2017-18 तक प्रतिवर्ष बासमती चावल का निर्याज हुआ है। वर्ष 2016-17 में मंडीदीप से 44 हजार 218 टन बासमती चावल का निर्यात किया गया।

### छह सौ पेज में रिकॉर्ड किया था प्रस्तुत

सरकार ने प्रदेश में बासमती धान की खेती और उसके विक्रय से जुड़े कारोबार के प्रमाण छह सौ पेज में प्रस्तुत किए थे। इसमें बताया गया था कि पांच मंडियों में वर्ष 2014-15 से फरवरी 2017 तक प्रदेश की उत्पादित बासमती पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली के प्रसंस्करणकर्ताओं और निर्यातकों ने 80 लाख क्विंटल बासमती धान की खरीद की। आठ हजार ट्रकों से इसका परिवहन हुआ। प्रदेश में जितनी बासमती धान होती है उसमें से लगभग पचास प्रतिशत की खरीद अन्य राज्यों के ख्याति प्राप्त निर्यातक करते हैं। देश के कुल निर्यात में मध्य प्रदेश के किसानों की भागीदारी लगभग 15 प्रतिशत है।

### मंडीदीप से अमेरिका, इंग्लैंड में होता है

### केंद्र सरकार ने दिया ब्रीडर सीड

केंद्र सरकार अप्रैल 1999 से वर्ष 2016 तक प्रदेश को लगातार बासमती का ब्रीडर सीड आवंटित करती रही है। 34 हजार 700 क्विंटल बीज शासकीय और अर्द्धशासकीय एजेंसियों के माध्यम से विक्रय किया गया। प्रदेश के किसानों ने शपथ पत्र दिए कि उनके पूर्वज 70 वर्ष से भी अधिक समय से बासमती की खेती करते आ रहे हैं। प्रदेश में बासमती धान की पारंपरिक खेती के प्रमाण दस्तावेजों में मिलते हैं। ग्वालियर इस्टेट की कृषि विभाग की वार्षि रिपोर्ट 1944-45 में स्पष्ट लिखा है कि बासमती प्रजाति की धान ने अच्छा परिणाम दिया। इंडियन इंस्टीट्यूट आफ रिसर्च हैदराबाद ने प्रतिवर्ष चावल की खेती के लिए कराए जाने वाले सर्वे के आधार प्रकाशित होने वाली पुस्तक में मध्य प्रदेश में बासमती की खेती का उल्लेख किया है।

# लघु वनोपज संग्रहण के लिए 6 जिलों के लिए बना एक्शन प्लान

**भोपाल।** वन मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने बताया कि प्रदेश में %एक जिला-एक उत्पाद% योजना में लघु वनोपज संग्रहण के लिए 6 जिलों के लिए एक्शन प्लान बनाया गया है। इसमें अलीराजपुर, सिंगरौली, उमरिया, बैतूल, मण्डला और अनूपपुर जिले शामिल हैं।

वन मंत्री डॉ. शाह ने बताया कि अलीराजपुर में महुआ फूल और सफेद मूसली की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध होने से विशेष प्रयास कर विपणन और प्र-संस्करण के लिए 2 वन धन केन्द्र में मशीन स्थापित की जायेंगी। सिंगरौली जिले में महुआ फूल के प्र-संस्करण में 7 वन धन केन्द्रों का उपयोग किया जायेगा।उमरिया जिला में महुआ फूलों के प्र-संस्करण एवं विपणन के लिए स्थापित 6 वन धन केन्द्र के जरिए महुआ लड्डू, बिस्किट और केक बनाने के साथ महुआ बीज से तेल निकालने की योजना तैयार की गई है। स्थानीय वृक्षारोपण योजना में 6 स्थानों पर महुआ के पौधों का रोपण भी कराया गया है। वन मंत्री डॉ. शाह ने बताया कि बैतूल जिले में महुआ फूल और अचार गुठली के प्र-संस्करण एवं विपणन के लिए वन धन विकास केन्द्र स्थापित किए जा रहे हैं। इसी तरह किसानों को भी निजी भूमि पर औषधीय पौधों की खेती के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रशिक्षित कराया जाएगा। इन केन्द्रों पर तैयार उत्पाद स्थानीय बाजार, ट्राइफेड और संजीवनी केन्द्रों के माध्यम से विक्रय कराया जाएगा।

वन मंत्री डॉ. शाह ने बताया कि मण्डला जिले में आंवला, अर्जुन छाल, शहद और महुआ के प्र-संस्करण की योजना तैयार की गई है। अनूपपुर जिले में गुलबकावली के संरक्षण एवं उत्पादन के लिए एक्शन प्लान के तहत पौधा-रोपण सहित विशेष प्रयास किये जायेंगे। इससे स्थानीय ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सकेगी।

# आज गैस पीड़ित वृद्ध कल्याणी महिलाओं के चेहरों पर लौटेगी मुस्कान,

भोपाल। राजधानी में लंबे समय से अपने हितों के लिए संघर्ष कर रहीं गैस पीड़ित वृद्ध कल्याणी महिलाओं के लिए आज का दिन यादगार होने वाला है। दरअसल उन्हें आज पेंशन राशि का भुगतान किया जाएगा। भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग आज दोपहर 12 बजे गैस राहत संचालनालय में गैस त्रासदी में दिवगंत व्यक्तियों की कल्याणी महिलाओं को पेंशन राशि वितरित करेंगे। राजधानी में इन महिलाओं की संख्या 4500 से अधिक है। इसका भुगतान अप्रैल 2021 से दिया जाएगा। मंत्री विश्वास सारंग कुछ कल्याणी महिलाओं को प्रतीकस्वरूप पेंशन राशि का चेक देंगे, बाकी कल्याणी महिलाओं को उनके खाते में बैंक से राशि ट्रांसफर की जाएगी। इस मौके पर गैस राहत अस?पताल के लिए तीन एंबुलेंस का लोकार्पण भी किया जाएगा।उल्लेखनीय है कि गैस पीड़ित वृद्ध कल?याणियों की पेंशन दिसंबर 2019 से बंद है। तब इसकी वजह पेंशन देने के लिए केंद्र द्वारा दिया गया बजट खत्म होना और पेंशन अवधि खत?म होना बताया गया था। केंद्र सरकार ने 2012 में कल्याणी महिलाओं को पेंशन देने के लिए 30 करोड़ रुपये दिए थे। उस उक्त राशि से पांच साल तक पेंशन दी जानी थी। उसके बाद भी 30 करोड़ रुपये के ब्याज की कुछ राशि बची थी, इसलिए 2 साल तक पेंशन की अवधि और बढ़ा दी थी। इसके बाद 20219 में पेंशन बंद हो गई। इससे गैस पीड़ित कल?याणी महिलाएं पाई-पाई के लिए मोहताज हो गईं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बीते साल 3 दिसंबर को गैस त्रासदी की बरसी पर गैस पीड़ित विधवा पेंशन योजना को पुन= शुरू करने की घोषणा की थी। दो माह पहले इसके लिए शिवराज कैबिनेट द्वारा एक प्रस?ताव भी मंजूर किया गया था। इसके तहत विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिये सामाजिक सुरक्षा पेंशन के अतिरिक्त कल्याणी गैस पीड़ित विधवा पेंशन मद स्थापित किया गया। लेकिन अब तक गैस पीड़ित महिलाओं को पेंशन मिलना पुन= शुरू नहीं हुई थी। अब 4558 कल्याणी महिलाओं के खाते में 1000 रुपये प्रतिमाह पेंशन का भुगतान अप्रैल-2021 से किया जा रहा है।

# स्थानान्तरण के बाद भी नहीं छूट रहा प्राचार्य का बुढ़ार महाविद्यालय से मोह

**बुढ़ार।** जिले के सबसे धनाढ्य और उच्च अप्रवासी छात्रों की बदौलत जिले में शासकीय नेहरू महाविद्यालय बुढार का एक अलग ही स्थान है और उसी महाविद्यालय में लगभग दो दशकों से अंगद की तरह पैर जमाये हुए, प्राध्यापक से लेकर प्रभारी प्राचार्य का सफर बडे ही आसानी और मौज के साथ किया। अब प्रशासनिक फेरबदल के चलते और शिक्षा को दुरस्त कण्व के लिए स्थानन्तरण उच्च शिक्षा विभाग द्वारा और मंत्रालय द्वारा स्थानन्तरण हुआ ,परन्तु बुढार में पदस्थ रहीं प्राचार्य श्री मति आशा अग्रवाल का स्थानांतरण कुछ दिन पूर्व शासकीय महाविद्यालय पाली जिला उमरिया में उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा जारी सूची में कर दिया गया ,विदित है कि उक्त महाविद्यालय में जमाने से पैर जमाये बैठे जब प्रभारी प्राचार्य का स्थानांतरण हुआ तो सरकारी धन के वारे न्यारे करने वाली प्राध्यापिका को पसंद नही आया और ट्रांसफर रुकवाने के लिए ऐ?ी चोटी का जोर लगा रखा है ।

### मैडम मेडिकल पर दिखी भोपाल में मंत्री निवास के चक्कर लगाते

सूत्रों की माने तो मैडम 1 सितम्बर से ही मेडिकल लेकर घर पर आराम में लगी रही, पर ये तो दुनिया जानती है कि ट्रांसफर के बाद न मेडिकल तो शासकीय कर्मचारियों का रामबाण इलाज है और मेडिकल के नाम पर जुगत लगाने में लगना मेडिकल अवकाश में चार चांद लगा देता है,वास्तव में कहा जाए तो मेडिकल अवकाश के दौरान मैडम ने आने पूरे हिसाब को साफ सुथरा कर दिया,पुराने अलीबाबा के जिन्न की तरह पुराने से पुराने चेक और पेमेन्ट को निपटाने में लग रही और मौका पाते ही राजधानी में पैर जमाने पहुंच गई हैं और ट्रांसफर रुकवाने के लिए मोटी रकम देने को तैयार हैं अब देखना ये है कि बोली कहाँ तक जाती है, मोल भाव का हिसाब कहां तक अपना मुख मण्डल खुलता है ।

### आखिर मैडम का मोह नेहरू महाविद्यालय से क्यों नही छूट रहा

सूत्रों के अनुसार करोडो रूपये के खेल खेलकर मोटी रकम पहले ही अंदर की जा चुकी है सरकारी धन का किस तरह दुरुपयोग करना है और उसे आने उपयोग में किस प्रकार लाना है ,ये महाविद्यालय के प्रबंधन से सीखा जा सकता है, बिना बिलों के अंधाधुंध भुगतान किये, वही सीधे बैंक से आहरण कर लाखों रुपये का खेल खेला गया । जनभागीदारी से आने वाली फीस पर अगर ईमानदारी से जांच हो तो करोडों का घोटाला उजागर हो सकता है।

बहरहाल अभी मैडम भोपाल में है और किसी भी परिस्थिति में ट्रांसफर रुकवाकर पुनः प्राचार्य की कुर्सी हथियाने की जुगत में लगी है अब देखना है कि कहां तक मैडम की सेटिंग बैठ पाती है ।।

### भोपाल में मंत्री बंगले और आयुक्त के काटे चक्कर

अब मेडिकल में अपना स्वास्थ लाभ लेकर राजधानी की सैर में निकली मैडम तो जुगत लगाने के लिए सरकारी बंगलो के आस पास नजर आने लगीं ये कौन सा मेडिकल अवकाश है, खैर हम आते है, सरकारी बंगलो में जिन माननीयों के मैडम मनमानी रकम का वादा करने गयी थी, वो माननीय कैबिनेट की बैठक में थे और दो दिन की बडी मशक्कत के बाद जब माननीय मिले तो एक लॉलीपॉप दिया गया कि समन्यक समिति की बैठक में देखेंगे आपको अभी तत्काल पाली महाविद्यालय में अपनी आमद तो देनी होगी और बाद में देखते हैं, और यही जबाब आयुक्त महोदय के यहां से भी मैडम को मिला और साथ मे जॉइन न करने पडने अनुशाशन हीनता का पाठ याद दिलाया ,अब आनन फानन में मैडम भोपाल से अपने गृह निवास बुढार आ चुकी हैं और लगता है कि जल्द ही पाली महाविद्यालय जॉइन करेंगी।

### जॉइन नही तो छात्र कर सकते ही आंदोलन

वहीं जानकारी लगी कि दो दशकों से मैडम अपने पैर जमाये बैठी थी,और यह ट्रांसफर प्रशाशनिक हुआ है इसलिए मैडम को अपनी सेवाओं के शासन की मंशा अनुसार कार्य स्थल में जाना चाहिए और क्योकि छात्रों को यह भी सुनने आया कि यदि भाजपा की जगह किसी और कि सरकार होती तो मैं यहां से कभी नही हिल पाती, अब तो बात आ गयी सत्ता में बैठी हुई पार्टी की....?

इस बात को सुनकर भी छात्रो में भी जिद है कि मैडम को अब जाना पडेगा अन्यथा आंदोलन की स्थिति आएगी।

अब देखना यह है कि मैडम द्वारा मनमानी रकम काम आएगी या शासन की मंशा.....?

## डेंगू के बढ़ते मामलों, बदहाल सफाई व्यवस्था के विरोध में घेरा जोन कार्यालय



**जबलपुर।** डेंगू से हर घर में लोग पीड़ित हो रहे हैं, लेकिन शहर की सफाई व्यवस्था चौपअ है। अस्पतालों में लोगों को बेड मिलना मुश्किल हो रहा है। सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जाए। लार्वा विनिष्टीकरण के लिए कीटनाशक, ब्लीचिंग का छिड़काव हर घर में कराया जाए। ये बात कांग्रेस नेताओं ने मंगलवार को अधारताल जोन कार्यालय के घेराव के दौरान कहीं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधायक लखन घनघोरिया के साथ नगर निगम व जिला प्रशासन की लचर व्यवस्था के विरोध में जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान मांग की गई कि हर हाल में व्यवस्थाएं दुरुस्त की जायें।एक ओर तो नगर निगम साफ सफाई एवं अन्य कर जनता से वसूल करती है तथा ठेकेदारों को इसके नाम पर करोड़ों रुपए का भुगतान करती है किंतु व्यवस्थाएं लचर है। प्रदर्शन में कांग्रेस नेता संजू तिवारी, विकास विश्वकर्मा, आकाश पाठक, मनीष तिवारी, विशाल यादव, आकाश तिवारी, प्रिंस भाई, पप्पू पटेल, संजू गुप्ता, शुभम, अर्पित दुबे, सोनू लाला, रानू दुबे, अनिल शर्मा, विजय सोनी आदि सहित अनेक कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## सम्मान समारोह, विचार संगोष्ठी कसौधन वैश्य गुप्ता परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष का प्रथम आगमन



**जबलपुर।** जबलपुर में राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष गुप्ता एवं प्रदेश अध्यक्ष राम चंद गुप्ता के सपरिवार के प्रथम आगमन पर गोपाल सदन जबलपुर में श्री कसौधन वैश्य (3) गुप्ता परिवार विकास समिति (रजि0) जबलपुर समाज के अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी व महिला कार्यकारिणी एवं समाज के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा भव्य स्वागत किया गया एवं सामाजिक बंधुओं द्वारा सामाजिक उत्थान की विचार संगोष्ठी की गई। सम्मान समारोह में वरिष्ठ समाजसेवी श्री अमृतलाल जी गुप्ता, प्रकाश गुप्ता, उमेश गुप्ता, अश्वनी गुप्ता राकेश गुप्ता, डॉ गिरीश गुप्ता, गणेश गुप्ता, डॉ संजीव गुप्ता, श्री अश्वनी अशोक गुप्ता अध्यक्ष जबलपुर समाज, सुनील गुप्ता सचिव, विजय गुप्ता कोषाध्यक्ष, पीयूष गुप्ता, रज्जन गुप्ता, विनोद गुप्ता, संजय गुप्ता, मनीष गुप्ता, श्रीमती विभा गुप्ता महिला अध्यक्ष जबलपुर समाज, श्रीमती सीमा गुप्ता, माया गुप्ता, संगीता गुप्ता, सभी सामाजिक बंधु एवं पदाधिकारी सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग मध्य क्षेत्र को ज्ञापन



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश समय पाल महासंघ जिला शाखा के जिला अध्यक्ष मुकेश मरकाम जबलपुर एवं मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ विभागीय शाखा बरगी हिल्स के विभागीय अध्यक्ष एवं समय पाल महासंघ के जिला उपाध्यक्ष वैद्यनाथ अय्यर केसंयुक्त तत्वाधान में मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग मध्य क्षेत्र जबलपुर को ज्ञापन समय पाल की वेतन विसंगति सुधारने हेतु समय-समय पर मध्यप्रदेश शासन की योजनाओं को समय मान वेतनमान 10 वर्ष में ग्रेड पे 2400 एवं 20 वर्ष में 2800 देने बाबत ज्ञापन सौंपा गया जिसमें इसमें बालमुकुंद दुबे रवि डहेरिया बाल गोविंद माली उमा ठाकुर मुकेश दहायत संतोष झारिया मनीष ठाकुर राम चंद्र सहाय शिव नारायण दुबे एवं समस्त कर्मचारी जन उपस्थित थे

## जनपद सी ई ओ पर हो सकती है बडी कार्यवाही

**पाटन।** सहकारी दुग्ध संघ की शाखा अमरपुर के कर्मचारी की अनियमितता को लेकर मचा बबाल थमने का नाम नही ले रहा है शाखा के सदस्य एक जिम्मेदार अधिकारी के इस प्रकार के रबैया से खासे नाराज है और अधिकारी पर कार्यवाही की मांग कर रहे है सदस्यों का कहना है कि जो शाखा विगत चालीस वर्षो से संचालित है पर कभी इस प्रकार की घटना नही हुई जबकि इस संस्था का संचालन कमिश्नर की निगरानी में किया जाता है उस के बाद भी जनपद सी ई ओ अस्वनी पाठक का इस प्रकार का व्यवहार निंदनीय है पूरे मामले को पाटन एस डी एम शाहिद खान ने संज्ञान में लिया है और अधिकारी से जल्द जबाब तलब करने को कहा गया है यह है मामला- सहकारी दुग्ध संघ की शाखा अमरपुर में गडबडी के चलते निरीक्षण करने पहुचे अस्वनी पाठक द्वारा बिना किसी नोटिस और सूचना के शाखा का सामान बाहर फिकवा दिया गया था जबकि यह पूरी तरह गलत है

### इनका कहना है

पूरे घटनाक्रम की जानकारी से दुग्ध संघ को अवगत कराया गया है जल्द ही संघ के अध्यक्ष जिला कमिश्नर से बात कर अधिकारी पर उचित कार्यवाही की मांग करेंगे।

**सर्वेश पटेल**
**पूर्व संचालक जबलपुर दुग्ध संघ**

## अखंण्ड सौभाग्य के लिए महिलाएं आज रखेगी व्रत

### तीजा पर होगी शिव गौरी की उपासना

**सिहोरा।** भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष में हरतालिका तीज व्रत महिलाओं द्वारा मनाया जाने वाला व्रत आज पूर्ण श्रद्धा भक्तिभाव के साथ मनाया जायेगा। ऐसी मान्यता है कि सौभाग्यवती स्त्रियां घर परिवार की सुखसमृद्धि एवं अपने अखंण्ड सौभाग्य की रक्षा के लिए और कुवांरी कन्याएंमनोवांक्षित वर पाने के लिए इस व्रत को पूरे दिन निर्जला रहकर करती है।भारतीय त्यौहारों में तीज का काफी महत्व है। इस दिन उपवास रखकर भगवान शंकर पार्वती की बालू एवं मिट्टी से मूर्ति बनाकर पूजा की जाती है।स्वच्छ वस्त्र धारण किये जाते हैं तथा कदली स्तम्भो से घर को सजाया जाताहै। इसके बाद उत्तम भजनों से रतजगा किया जाता है। फैली गुझिया खुरमें की सुगंधबाजार में तीजा से संबधित चीजों को खरीददारी के लिए भारी चहल -पहल देखी गई। केले,ककडी के दाम अचानक बढ गये है। महिलाएँ घरों में गुझिया,पपडिया, खुरमें व अन्य व्यजन बनाने में जुट गई है। जिसकी सुगंध फैलने लगी है।

## सहारा के ऐजेंटों ने पेमेंट को लेकर सौपा ज्ञापन



**सिहोरा ।** सहारा इंडिया शाखा सिहोरा में जमाकर्ता के भुगतान में हो रहे विलम्ब के संदर्भ में मुख्यमंत्री के नाम सभी कार्यकर्ता ,एजेंटो ने कलेक्टर जबलपुर, एसपी,सांसद, विधायक, एसडीएम, एसडीओपी थाना प्रभारी सिहोरा, खितौला को ज्ञापन सौपा । जिसमे कहा गया है की पेमेंट को लेकर जमाकर्ताओं एव कार्यकर्ता के बीच आए दिन बाद विवाद गाली गलौच मारपीट होने के साथ उन्हे तरह तरह से धमकी दी जाती है जिससे हमलोगों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड रहा है। इस समस्या के शीघ्र निराकरण करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौपने वालों में सहारा के रत्नेश दुबे, पूरन गुप्ता ,महेंद्र अग्रहरि, ललित मिश्रा, अशोक पटेल,रमेश तिवारी, अर्जुन पटेल ,अतुल पटेल ,अनिल श्रीवास, कृष्ण कुमार, विनोद विश्कर्मा, चंद्रकांत द्विवेदी ,माखन राय, प्रमोद चौरसिया, विजय श्रीवास ,लखन नामदेव, बसंत लाल, रमेश चक्रवती ,ब्रजेश यादव नत्थू पटेल आदि उपस्थित थे ।

## ओबीसी महासभा ने राष्ट्रपति के नाम सौपा ज्ञापन

**सिहोरा।** अखिल भारतीय ओबीसी महासभा के जिलाध्यक्ष छोटे पटेल ,किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामराज पटेल ,एड रामगोपाल पटेल,अनिल पटेल के नेत्रत्व में अनेक लोगों ने भारत के राष्ट्रपति ,राज्यपाल के नाम एसडीएम



आशीष पांडे को ज्ञापन सौपा । जिसमे कहा गया है की देश में होने जा रही जनगणना में ओबीसी समाज का कालम जोडने के साथ जनगणना जातिगत कराई जाये,मध्यप्रदेश में ओबीसी समाज को 27 प्रतिशत लागु किया जाये,एमएसपी पर कानून बने,पिछडा वर्ग आयोग में खाली पदो को भरने के साथ आरक्षण नियमों का उलंघन करने वाली संस्थाओं पर कार्यवाही की जाये ,दस घंटे बिजली देने के साथ अघोषित कटौती बंद की जाये,किसानों को सोसायटी के माध्यम से यूरिया खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये,सभी माईनर नहरो में पानी छोडने सहित अनेक मांगे शामिल थी। इस अवसर पर बिनोद पटेल,रूपेन्द्र पटेल ,दिपक, दीवान, जितेंद्र, दिलीप, अनिल, संतू, विमल, किशोर, अपिँत ,मनीष आनंद पटेल,अरविंद ,रंजीत, कोमल, बिहारी, मुकेश पटेल,अखलेश, रवि,शिव पटेल, गुलाब मरकाम, रामकुमार, बेडी, किशन, रूपलाल, विनय कुमार पटेल ,कैलाश, यशपाल कोरी, मिलन भूमिया ,मोतीलाल, लालबहादुर काछी आदि उपस्थित थे ।

## संतोष सिंह अध्यक्ष संजीव रावत सह सचिव निर्वाचित

### अधिवक्ता संघ अनूपपुर का चुनाव संपन्न

**अनूपपुर।** अधिवक्ता संघ अनूपपुर का चुनाव बुधवार को संपन्न हुआ चुनाव निर्वाचन अधिकारी संतोष अग्रवाल एड के मार्गदर्शन में संपन्न कराया गयाद्य मतगणना के पश्चात विजय पदाधिकारियों की घोषणा की गई जिसमें अध्यक्ष पद पर संतोष सिंह परिहार उपाध्यक्ष पद पर अशोक पटेल सचिव पद पर राघवेंद्र शर्मा एवं सह सचिव पद पर संजीव रावत निर्वाचित हुएद्य पूर्व में ही कोषाध्यक्ष पद पर संतोष सोनी एवं पुस्तकालय प्रभारी के पद पर हेमराज राठौर निर्विरोध निर्वाचित हुए थे। अध्यक्ष पद पर संतोष सिंह परिहार को 111 ,जनक राठौर को 93, एवं दुर्गेश पांडे को 58 मत प्राप्त हुए, उपाध्यक्ष पद पर अशोक पटेल को 89, दुर्गेश सोनी को 48, बालचंद सोनी को 69, एवं रामकिशोर राणा को 54 मत प्राप्त हुएद्य सचिव पद पर राघवेंद्र शर्मा को 130 विद्याधर मिश्रा को 76, एवं यशवंत राठौर को 54 मत प्राप्त हुए, वही सह सचिव पद पर संजीव रावत को 172 एवं रेणु सोनी को 91 मत प्राप्त हुए /इस प्रकार से अध्यक्ष पद पर संतोष सिंह 18 मतों, उपाध्यक्ष पद पर अशोक पटेल 20 मतों ,सचिव पद पर राघवेंद्र शर्मा 54 मतों ,एवं सह सचिव पद पर संजीव रावत 81 मतों से विजई रहे ,चुनाव में 281 मतदाताओं मैं 270 मतदाताओं ने मत का प्रयोग किया!

### मिठाइयां बांटकर मनाई खुशी

मतगणना के पश्चात अधिवक्ताओं ने विजय हुए अधिवक्ताओं के जीत पर मिठाईयां बांटकर खुशी का इजहार किया।

## पाइपलाइन तो बिछा, लेकिन नलों का कनेक्शन नहीं

**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय के समीप गोरतरा के ग्रामीणों को जल जीवन मिशन के तहत पेयजल का लाभ नहीं मिल पा रहा है जिसके कारण क्षेत्र में लोगों में नाराजगी देखी जा रही हैद्य बताया जाता है कि जल जीवन मिशन के तहत हर गांव में हर घर पेयजल पहुंचाने के लिए नलों का कनेक्शन देने की बात कही जा रही है लेकिन ठेकेदारों द्वारा अधूरा कार्य करके छोड़ा जा रहा है संभागीय मुख्यालय से सटे ग्राम गोरतरा ग्रामीणों के लिए ठेकेदार द्वारा पानी की टंकी बनवाई तो गई लेकिन पाइप लाइन बिछाकर छोड़ दिया गया और लोगों के घरों में पेयजल के नलों का कनेक्शन ही नहीं पहुंचाया गया जिसके कारण ग्रामीणों में असंतोष की लहर देखी जा रही है खर्च करने के उपरांत भी जब पानी नहीं मिल रहा है टंकी बन चुकी है पाई बिठाकर छोड़ दिया जा चुका हैद्य वही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी का कहना है कि अभी कार्य समाप्त नहीं हुआ है ठेकेदार द्वारा कार्य में विलंब किया जा रहा है इसलिए उस पर 5न्न का पेनाल्टी भी लगाया गया है जबकि पानी टंकी बनने के बाद अप्रैल माह में गांव में पाइपलाइन बिछा दिया गया था इसके बाद 4 माह बीत गए और अभी तक लोगों के घरों में नलों का कनेक्शन नहीं पहुंचा हैद्य बताया जाता है कि जो पाइप लाइन बिछाई गई है उसकी गुणवत्ता सही नहीं हैद्य ग्रामीणों का कहना है कि सरकार द्वारा राशि खर्च कर घर घर पानी पहुंचाने की बात कही जा रही है लेकिन ठेकेदारों द्वारा सरकार की मंशा पर पलीता लगाया जा रहा है

## जिला ग्रामीण काग्रेंस प्रभारी दो दिवसीय प्रवास पर

**सिहोरा।** मध्यप्रदेश काग्रेंस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा नियुक्त जबलपुर जिला ग्रामीण काग्रेंस प्रभारी सागर के पूर्व विधायक सुनील जैन ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न ब्लाको,मंडल व सेक्टर के गठन हेतु दो दिवसीय प्रवास पर रहकर जिले के ग्रामीण ब्लाको का दौरा करेगे । उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राधेश्याम चौबे के हवाले से सिहोरा ब्लाक अध्यक्ष प्रवीण पाठक ने बताया 11 सितम्बर को 11 बजे गोसलपुर,1 बजे सिहोरा,3 बजे कुंडम एंव शहपुरा व बेलखेड़ा ब्लाको की बैठक लेगें इसी तरह अन्य ब्लाको में पहुचकर कार्यकताओं से संवाद करेगे ।

## मच्छर का प्रकोप शहर में मच्छरों का प्रकोप लेकिन नहीं चलाई जा रही फागिंग मशीन

धनपुरी। नगरपालिका के विभिन्न वार्डों में नालियों की साफ-सफाई ना होने के चलते मच्छरों बेतहाशा वृद्धि होने के चलते शाम होते ही मच्छरों के प्रकोप से वार्ड वासी परेशान हो जाते हैं।

### फॉकिंग मशीन उपयोग नहीं

फागिंग मशीन से नहीं किया जा रहा वार्डों में दवा का छिड़काव नगर में ऐसी कोई जगह नहीं है, जहां के लोग मच्छरों से परेशान न हों। हर जगह मच्छरों से लोग परेशान है। सब कुछ जानते हुए भी नगरपालिका फागिंग मशीन नहीं चलवा रही है। मच्छर के काटने से लोग बीमार हो रहे हैं यही वजह है कि हर घर के बजट में मच्छर भगाने की दवा का खर्च शामिल हो गया है। शाम के समय मच्छरों का आक्रमण एकाएक बढ़ जाता है। इसके बावजूद जिम्मेदार को इस ओर ध्यान देने की फुर्सत तक नहीं है।

वार्डों में नाली सफाई को लेकर हमेशा शिकायत रहती है। मच्छरों से राहत के नाम पर नगर पालिका के अधिकारी फागिंग मशीन तक नहीं चलवाते हैं। करीब 4 साल से में फागिंग मशीन नहीं दिखी है। वहीं नपा अधिकारी अभी भी फागिंग मशीन चलने का दम भर रहे हैं। पूर्व में नगर पालिका सभी वार्डों में फागिंग मशीन चलाने की योजना बनाई थी। जो धरातल पर दिखाई नहीं दी है।

### धुआं करके पा रहे निजात

नगर में मच्छर तो बढने के बाद जहां फागिंग मशीन नहीं चलाई जा रही है तो वहीं दूसरी तरफ लोग देशी तरीके अपनाकर मच्छरों से पार पाने की जुगत में लगे रहते हैं। जिसमें कोई नारियल के रेशे तो कोई नीम की पत्तियां जलाकर मच्छर भगाने का प्रयास करते हैं। लेकिन जब तक धुआं रहता है तब तक मच्छरों से बचे रहते हैं। उसके बाद स्थिति ज्यों की त्यों हो जाती है।

### गंदगी से पटी पड़ी नालियां

वार्ड नंबर 15 वार्ड नंबर 18 वार्ड नंबर 16, 20, 21, 22 ,23 के वार्ड में कई जगह ऐसी हैं जहां पर मानों नालियों की सफाई नहीं की गई है। गंदगी से नालियां पटी पड़ी है जिसके कारण भी मच्छर पनप रहे हैं। इसके अलावा कालरी कॉलोनी में भी कुछ इसी प्रकार के हाल हैं जहां शाम के बाद घर व बाहर मच्छरों के प्रकोप से रहना दुष्वार हो गया है।

## कलचुरी कलार समाज ने किया राष्ट्रीय संयोजक का अभिनंदन



गोटेगांव । कलचुरी कलार समाज की राष्ट्रीय संयोजिका श्रीमती अर्चना जायसवाल जी जो कि मध्य मध्य प्रदेश महिला कांग्रेश की प्रदेश अध्यक्ष भी हैं आपका गोटेगांव आगमन शंकराचार्य जी के दर्शन के लिए हुआ है गोटेगांव प्रवास के दौरान समाज सेवा धार्मिक कार्यों राजनीति के क्षेत्र में राजनीति के क्षेत्र में उनकी सतत विशिष्ट योगदान के लिए आज श्रेया होटल में उनका कलचुरी कलार समाज के राष्ट्रीय संगठन मंत्री पंकज चौकसे के नेतृत्व में नागरिक अभिनंदन किया गया अभिनंदन उन्होंने कहा कि हम तन मन धन से समाज के विकास के लिए संकल्पित हैं इस अवसर पर कलचुरी कलार समाज के सरकारी प्रदेश अध्यक्ष किशोर राय महिला इकाई की प्रदेश अध्यक्ष मनीषा राय साथ ही समाज के अधिवक्ता दिनेश चौक से नीरज चौकसे मनोज राय रघुनाथ राय आशीष राय मुंगवानी अमित राय वीरान चौकसे रामकुमार जायसवाल अनुराग राय सौरभ चौकसे आशीष राय सुमित राय आशीष जायसवाल मोहित राय । महिला ईकाई से श्रीमती कृष्णा राय श्रीमती अनिता राय श्रीमती मनीषा राय श्रीमती आरती राय श्रीमती ऋतू राय श्रीमती श्रद्धा चौकसे श्रीमती अर्चना चौकसे श्रीमती उषा जायसवाल आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति एवं किसानों की समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस ने निकाली न्याय यात्रा

**अनूपपुर।** किसानों की समस्याओं को लेकर क्षेत्र की किसान भाइयों के तत्वाधान में पदयात्रा प्रारंभ हुई देव्हारा स्थित ठाकुर बाबा धाम से किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डॉ राज तिवारी के नेतृत्व में पूजन अर्चन किया गया एवं नारियल फोड़कर पदयात्रा प्रारंभ की गई पदयात्रा देव्हारा संजय नगर अमलाई बसंतपुर दफाई शनिचरी बाजार अमलाई बापु चौक बरगवां चचाई से होते हुए परस वार होते हुए अनूपपुर पहुंची जहां कलेक्ट्रेट परिसर में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह को ज्ञापन सौंपा गया ।

यह मांगे रही शामिल किसान कांग्रेस द्वारा दिए गए ज्ञापन में जिन मांगों को शामिल किया गया उसमें देवरा ग्राम पंचायत अंतर्गत धनपुरी खुली खदान में बाहरी व्यक्तियों को बुलाकर कार्य करवाया जाता है जो कि न्याय उचित नहीं है अतः क्षेत्रीय बेरोजगारों को अवसर प्रदान किया जाए एवं 70 पीस का प्रतिशत रखा जाए देव्हारा से अमलाई मार्ग केवल प्रबंधन की हठधर्मिता के कारण नहीं बन पा रही है जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, खदान से लगे आसपास के खेतों को ना तो पानी मिल पा रहा है और ना ही बिजली कॉल दी प्रबंधन द्वारा किए जा रहे हैं, खनन से गांव एवं आसपास का जल स्तर गिरता जा रहा है लेकिन प्रबंधन द्वारा किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जा रही है, बरगवां ग्राम पंचायत में संचालित ओरियंट पेपर मिल की कास्टिक सोडा यूनिट जोकि वर्षो से संचालित है किंतु मजदूरों को उनका हक नहीं दिया जाता है और ना ही क्षेत्रीय बेरोजगार युवकों को रखा जाता है बल्कि बाहरी लोगों को बुलाकर काम लिया जाता है, यदि कोई प्रबंधन से बात करने की कोशिश करता है तो उसे वहां से सस्पेंड कर दिया जाता है ,कंपनी में व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच कराई जाए संबंधित ग्राम पंचायत की भूमिका की



भी जांच की जाए इन दोनों जगहों पर कैंप लगाकर बेरोजगारों की भर्ती की जाए पेट्रोल डीजल की बढ़ी कीमतों से किसानों एवं आमजन पर महंगाई की मार पड़ रही है अतः इसे कम किया जाए बिजली की कटौती को लेकर कोई नियम कानून नहीं है ,अघोषित रूप से बिजली की कटौती की जाती है एवं उपभोक्ताओं को परेशान किया जाता है शिकायत करने पर संबंधित व्यक्ति को पर चोरी कर दिया जाता है या उसे परेशान किया जाता है इसलिए किसानों के ऊपर की गई कार्यवाही के लिए कैंप लगाकर समाधान किया जाए एवं विद्युत कटौती तत्काल बंद की जाए सुहागपुर क्षेत्र एवं सोडा फैक्ट्री को तत्काल निर्देशित किया जाए कि क्षेत्रीय समस्याओं एवं मजदूरों का हो रहे शोषण पर अंकुश लगाया जाए।

उक्त पदयात्रा देव्हारा से प्रारंभ किया जाएगा अमलाई बरगवां चचाई परसवार होते हुए अनूपपुर पहुंची द्य किसान कांग्रेस के कार्यकारी जिलाध्यक्ष राज तिवारी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार किसानों के हित की अनदेखी कर रही है प्रदेश में बढ़ती महंगाई को लेकर डीजल पेट्रोल की रोज बढ़ती कीमत को लेकर किसान व आम जनता की कमर टूट गई है प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार के खिलाफ आम जनता रोष की लहर देखी जा रही है किसान कांग्रेस सरकार की नीतियों का जमकर विरोध करती है और मूलभूत आवश्यकताएं किसानों की समस्याओं को लेकर यह पदयात्रा निकाली गई हैद्य उन्होंने कहा कि स्थानीय औद्योगिक इकाइयों में स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार प्रदान किया जाए साथ ही मूलभूत आवश्यकताओं जैसे पानी बिजली स्वास्थ्य सुविधा सभी ग्रामीण अंचलों में मुहैया कराई जाए।

### जगह-जगह हुआ स्वागत

पदयात्रा में शामिल नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का जगह जगह ग्रामीण जनता एवं किसानों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया और कहा कि किसानों सहित आम जनता के हित में यह न्याय यात्रा निकाली जा रही है जो कि न्याय उचित है।

### 30 किलोमीटर की पदयात्रा

किसान कांग्रेस द्वारा प्रारंभ की गई पदयात्रा लगभग 30 किलोमीटर की दूरी तय की जहां जनता जनार्दन एवं युवाओं, किसानों ने अपनी सहभागिता प्रदान की

### यह रहे शामिल

न्याय पद यात्रा में प्रमुख रूप से डॉक्टर राज तिवारी ,विधानसभा प्रत्याशी विश्वनाथ सिंह, मोतीलाल शर्मा, राजेंद्र तिवारी, मयंक सिंह सिंगर, विश्वनाथ सिंह, भूरा यादव राजकुमार पटेल आयुष देव सिंह बघेल उमेश पंडित उत्तम पटेल राघवेंद्र पटेल संजय सोनी देवी सिंह राम तिवारीजेपी शर्मा ,अवध शरण गौतम, सैफ रिजवी ,रविंद्र गौतम पूर्व जनपद सदस्य रोहित कुमार प्रिंस सिंह सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता एवं किसान उपस्थित रहे।

# Tw20 World Cup में पहली बार भारत के लिए खेलेंगे यह 7 खिलाड़ी

# एक से बढ़कर है एक




**चुनी गई 15 सदस्यीय टीम में करीब आधे खिलाड़ी ऐसे हैं जो पहली बार टी20 विश्व कप में देश के लिए खेलने वाले हैं। इनमें केएल राहुल का नाम भी शामिल है जो कि टी20 क्रिकेट के धुरंधर हैं।**

नई दिल्ली ।2021 के लिए बुधवार 8 सितंबर को टीम इंडिया का एलान हो गया। इसी के साथ ये भी सामने आ गया कि किन-किन खिलाड़ियों को पहली बार टी20 विश्व कप की टीम में चुना गया है। पांच साल के बाद होने जा रहे आइसीसी के इस मेगा इवेंट के लिए बीसीसीआइ ने ऐसे सात खिलाड़ियों को 15 सदस्यीय टीम में जगह दी है, जो पहली बार टी20 विश्व कप खेलने उतरेंगे।

दरअसल, भारतीय क्रिकेट टीम के चयनकर्ताओं ने टी20 विश्व कप के लिए चुनी गई टीम में अनुभवी और युवा खिलाड़ियों को शामिल किया है, जिससे टीम संतुलित नजर आती है, लेकिन 8 खिलाड़ी ऐसे हैं, जिनको टी20 विश्व कप खेलने का अनुभव है और 7 खिलाड़ी इस टीम में ऐसे हैं, जो पहली बार देश के लिए टी20 विश्व कप में नीली जर्सी में नजर आएंगे। इन खिलाड़ियों में केएल राहुल जैसे दिग्गज खिलाड़ी का नाम शामिल है।

### केएल राहुल

दाएं हाथ के बल्लेबाज केएल राहुल ने साल 2016 में टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया था और इसके बाद से अब तक उन्होंने 49 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं, जिनमें 39 से ज्यादा के औसत से 2 शतक और 12 अर्धशतकों के साथ कुल 1557 रन बनाए हैं।

### रिषभ पंत

विकेटकीपर बल्लेबाज रिषभ पंत ने साल 2017 में टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में कदम रखा था और इसके बाद से अब तक उन्होंने 21 से ज्यादा के औसत से 2 अर्धशतकों के साथ कुल 512 रन बनाए है

### सूर्यकुमार यादव

दमदार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव भी पहली बार टी20 विश्व कप खेलेंगे। यहां तक कि जब आखिरी बार टी20 विश्व कप खेला गया था तो इंटरनेशनल क्रिकेट में शायद ही कोई इनको नाम को जानता होगा। इसी साल टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने वाले सूर्यकुमार यादव 4 मैचों में दो अर्धशतक जमा चुके हैं।

### अक्षर पटेल

टी20 विश्व कप के लिए चुनी गई भारतीय टीम में अक्षर पटेल एकमात्र खिलाड़ी हैं, जिन्होंने टी20 विश्व कप 2016 से पहले डेब्यू किया था और वे 2015 से अब तक कुल 12 टी20 इंटरनेशनल मैच खेल पाए हैं, जिनमें उनके नाम 12 विकेट दर्ज हैं।

### वरुण चक्रवर्ती

मिस्ट्री स्पिनर कहे जा रहे वरुण चक्रवर्ती ने इसी साल टी20 इंटरनेशनल में भारत के लिए डेब्यू किया था। हालांकि, पिछले साल भी उनके पास इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने का मौका था, लेकिन फिटनेस के कारण उनको बाहर होना पड़ा था। वे अब तक तीन मैचों में 2 विकेट चटका पाए हैं।

### इशान किशन

बैकअप विकेटकीपर के तौर पर इशान किशन को टीम में जगह मिली है। उनको अभी तक सिर्फ दो टी20 इंटरनेशनल मैच खेलने का अनुभव है। उन्होंने इसी साल भारत के लिए डेब्यू किया था और फिर चोटिल हो गए थे।

### राहुल चाहुर

टी20 विश्व कप 2021 के लिए चुनी गई 15 सदस्यीय टीम में 5 टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट मैच खेल चुके स्पिनर राहुल चाहर को भी मौका मिला है, जिन्होंने 7 विकेट इस प्रारूप में चटकाए हैं। वे वनडे इंटरनेशनल मैच भी खेल




# कंगना रनोट ने हाथ जोड़कर की फैन्स से अपील, कहा- प्लीज सिनेमाघर जाकर थलाइवी जरूर देखें



नई दिल्ली। कंगना रनोट अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म थलाइवी के साथ सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली हैं। रिलीज से पहले ही मीडिया में मिल रही वाहवाही से कंगना काफी खुश हैं। 10 सितम्बर को को बड़े पर्दे पर आ रही थलाइवी में बॉलीवुड की क्वींन ने पूर्व एक्ट्रेस और दिवंगत जे जयललिता की भूमिका निभाई है। कंगना ने दर्शकों से फिल्म को देखने को लेकर सोशल मीडिया पर अपील भी की है।

### हाथ जोड़ कर कंगना ने की अपील

कंगना रनोट ने थलाइवी की रिलीज से एक दिन पहले इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर लिखा,% दो साल पहले, मैंने पर्दे पर भारत की सबसे प्रतिष्ठित महिलाओं में से एक की भूमिका निभाने की यात्रा शुरू की थी। हमारे रास्ते में कई बाधाएं और चुनौतियां थीं, लेकिन मुझे और मेरी टीम ने जया अम्मा और सिनेमा के लिए जुनून को आगे बढ़ाया। इस शुक्रवार, हमारी फिल्म आखिरकार अपने दर्शकों तक पहुंचेगी, इसे अपने नजदीकी थिएटर में जरूर देखें। मैं पहले से ही फिल्म के लिए शानदार समीक्षाओं से अभिभूत हूं। एडवांस बुकिंग अब खुली है, अपने टिकट बुक करें और बड़े पर्दे पर अम्मा जयललिता की महान कहानी का आनंद लें।

### दो ओटीटी प्लेटफॉर्म पर नजर आएगी थलाइवी

खबर है कि %थलाइवी% सिनेमाघरों के साथ ही दो ओटीटी प्लेटफॉर्म में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म को नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम में रिलीज किया जाएगा। ये पहली बार है जब कोई फिल्म एक साथ दो ओटीटी प्लेटफॉर्म में एक साथ रिलीज की जाएगी। खबरों की मानें तो इस फिल्म के राइट्स 55 करोड़ रुपए में बिके हैं।

### कंगना ने लगाई थी फटकार

हाल ही में कंगना रनोट ने एक वीडियो जारी करते हुए सिनेमाघरों के मालिकों से उन्हें ज्यादा विंडो देने की अपील की थी। इसी के साथ एक्ट्रेस ने ये भी बताया था कि उनकी फिल्म को कई बड़े ओटीटी प्लेटफॉर्म के बड़े ऑफर मिल रहे हैं, हालांकि उन्होंने मुनाफे को नजरअंदाज कर सिनेमाघरों का रुख किया है।

## 26/11 एक तेज़ रफ़्तार और बांधकर रखने वाली थ्रिलर सीरीज़

**नई दिल्ली।** एक ऐसा सरकारी अस्पताल, जो सामान्य दिनों में इलाज के लिए ज़रूरी उपकरणों और सुविधाओं से जूझ रहा हो, वहां अगर मुंबई हमले जैसी विकट और दुर्लभ परिस्थिति में गंभीर रूप से ज़ख़्मी मरीज़ दर्जनों की तादाद में एकाएक पहुंचने लगें, तो सोचिए हालात क्या होंगे? एक ऐसा डॉक्टर, जिसके लिए मरीज़ की जान बचाना अंतिम उद्देश्य हो, भले ही इसके लिए उसे क़ानून तोड़ना पड़े और दिन में पांच बार पुलिस और सीनियरों से उलझना पड़े और जो गोलियों से छलनी पुलिस अफ़सर और बेकसूरों की जान लेने वाले ज़ख़्मी आतंकी में कोई फ़र्क ना देखता होज ऐसे डॉक्टर की भूमिका को आतंकी हमलों के दौरान समाज और मीडिया किस नज़र से देखेगा? ब्रेकिंग न्यूज़ की दौड़ में अपना आपा खो चुके न्यूज़ चैनल जब ख़ुद ही आतंकियों के आकाओं के लिए अहम सूचनाओं का स्रोत (अनजाने में ही सही) और सैकड़ों जानों को जोख़िम में डालने का सबब बन जाएं तो ऐसे हालात में नैतिक रूप से किसे ज़िम्मेदार माना जाए? अमेज़न प्राइम वीडियो पर 9 सितम्बर को रिलीज़ हुई वेब सीरीज़ मुंबई डायरीज़ 26/11 के पन्नों पर ऐसे ही कुछ काल्पनिक हालात की जज़्बाती और रोमांचक दास्तान कही गयी है। 26 नवम्बर 2008 को मुंबई पर हुए आतंकी हमलों को पुलिस, सुरक्षा बलों, चश्मदीदों और पीड़ितों के नज़रिए से पहले भी दिखाया जा चुका है।

मुंबई डायरीज़ 26/11 एक तेज़ रफ़्तार और बांधकर रखने वाली थ्रिलर सीरीज़ होने के साथ-साथ कई विमर्श भी लेकर चलती है, जिन्हें सरकारी अस्पताल के विभिन्न कर्मचारियों की कहानियों के सब प्लॉट्स के ज़रिए दिखाया गया है। मुस्लिम समुदाय को लेकर पूर्वाग्रह, जातिगत व्यवस्था का दंश और दंभ, अपने नामी डॉक्टर माता-पिता से अलग अपनी पहचान बनाने को तत्पर बेटी, सरकारी अस्पताल में भर्ती ग़रीब मरीज़ों की सस्ती सांसों पर भारी पांच सितारा होटल में मौजूद अमीरों की ज़िंदगी, ब्रेकिंग न्यूज़ की आपाधापी में मीडिया की बेपरवाही, कॉरपोरेट अस्पताल की लग्ज़ूरियस नौकरी छोड़कर असुविधाओं से भरे अस्पताल को चुनने वाला डॉक्टर... ऐसे कई विमर्श हैं, जो मुंबई डायरीज़ 26/11 वेब सीरीज़ के असर को गहरा करते हैं।

कथाभूमि मुंबई के फोर्ट इलाक़े में स्थित बॉम्बे जनरल अस्पताल है और समय सीमा 26-29 नवम्बर है। आतंकी हमलों से 11 घंटे पहले से कहानी शुरू होती है। डॉ. कौशिक ओबेरॉय (मोहित रैना) ट्रॉमा विभाग के हेड हैं। नामी, काबिल मगर मेडिकल ओथ के लिए क़ानून तोड़ने वाले। पुलिस वाले इनकी आदत से परेशान हैं। तीन नये रेज़ीडेंट डॉक्टर अहान मिर्ज़ा (सत्यजीत दुबे), सुजाता अजावले (मृणमयी देशपांडे), दीया पारेख (नताशा शर्मा) डॉ. कौशिक को ज्वाइन करने पहुंचते हैं। डॉ. कौशिक सरकारी अस्पताल छोड़कर एक कॉरपोरेट अस्पताल ज्वाइन करने वाले हैं, ताकि समय की कमी के कारण पटरी से उतरी अपनी शादी-शुदा ज़िंदगी को फिर से पटरी पर ला सकें।

डॉ. चित्रा दास (कोंकणा सेन शर्मा) अस्पताल की सोशल सर्विस विभाग की डायरेक्टर हैं, जो आर्थिक रूप से कमज़ोर मरीज़ों को चिह्नित करने और उनका इलाज करवाने का काम करती हैं। चित्रा अपनी शादी की कड़वी यादों से आज भी जूझ रही है। इनके अलावा हेड नर्स चेरियन, नर्स विद्या, वार्ड बॉय समर्थ, सिक्योरिटी गार्ड वासु अस्पताल के प्रमुख किरदार हैं। डॉ. कौशिक की पत्नी अनन्या घोष है, जो पैलेस होटल में गेस्ट मैनेजर है। सीएसटी, कैफे और पैलेस होटल के साथ बॉम्बे जनरल अस्पताल भी आतंकी हमलों की चपेट में आता है। आतंकियों की अंधाधुंध गोलियों के बीच अस्पताल का स्टाफ पुलिस के साथ मिलकर मरीज़ों की जान बचाता है और इस दौरान यह अपने-अपने अतीत और आंतरिक संघर्षों से जूझते हुए दिखायी देते हैं।

मुंबई में आतंकी हमलों की कहानी सबको बता है। समाचार माध्यमों, फ़िल्मों और विभिन्न सीरीज़ के ज़रिए हमलों के विभिन्न पहलुओं को दर्शक देखते रहे हैं, मगर मुंबई डायरीज़ 26/11 में जिस तरह आतंकी हमलों की सच्ची घटना को एक सरकारी अस्पताल के अंदर होने वाले विभिन्न घटनाक्रमों के साथ बुना गया है, उसके लिए लेखन टीम की तारीफ़ करनी होगी।

8 एपिसोड्स की सीरीज़ के स्क्रीनप्ले को मुख्य रूप से दो ट्रैक्स में बांटा गया है- अस्पताल पर आतंकी हमले का घटनाक्रम और पैलेस होटल पर हमले के दौरान मेहमानों को निकालना। अस्पताल पर आतंकी हमले के ट्रैक को डॉ. कौशिक ओबेरॉय और डॉ. चित्रा दास के पात्र लीड करते हैं, जबकि पैलेस होटल पर हमले के घटनाक्रम को डॉ. कौशिक की पत्नी अनन्या घोष लीड करती है। इसके अलावा एक साइड ट्रैक आतंकी हमलों के दौरान मीडिया की रिपोर्टिंग स्टाइल को दिखाता है, जिसे एक न्यूज़ चैनल की रिपोर्टर मानसी का किरदार लीड करता है।

निखिल गोंसाल्विस, अनुष्का मेहरोत्रा और यश छेतिजा ने सीमित साधनों वाले एक सरकारी अस्पताल की आंतरिक कार्यशैली को दिखाने में दृश्यों को जिस तरह से गढ़ा है, वो वाकई काबिले-तारीफ़ है। पैलेस होटल में फंसे मेहमानों डॉक्टर, नर्स और दूसरे मेडिकल स्टाफ के पात्रों का वास्तविक-सा लगने वाला चित्रण इस प्रभाव को और गहरा करता है। अस्पताल पर आतंकी हमले और आतंकियों से मुठभेड़ के दृश्य बेहतरीन हैं। इन दृश्यों को वास्तविकता के क़रीब ले जाने के लिए प्रोडक्शन टीम ने बेहतरीन काम किया है। बीच-बीच में असली फुटेज को भी दृश्यों के बीच समाहित किया गया है, जिससे असली घटना के साथ तारतम्यता बनी रहती है। लेखन के बाद मुंबई डायरीज़ 26/11 का दूसरा सबसे मजबूत पक्ष अदाकारी है। हर कलाकार अपने किरदार में पूरी तरह फिट लगा है। डॉ. कौशिक ओबेरॉय के किरदार में मोहित रैना की स्क्रीन प्रेज़ेंस ज़बरदस्त है। सुविधाओं की कमी से जूझते सरकारी अस्पताल में मरीज़ों की जान बचाने को तत्पर एक कर्मठ डॉक्टर के किरदार के लिए जो शारीरिक भाषा और भाव-भंगिमाएं चाहिए, मोहित उस पर बिल्कुल खरे उतरे हैं। उन्हें अदाकारी करते हुए देखना सुकून भरा है।

# सतर्कता, सावधानी से ही बचाव, लोग समझें नैतिक जिमेवारी

**जबलपुर,यशभारत। जहां डेंगू के साथ वायरल के कहर से हर आदमी परेशान है वहीं कोरोना के बढ़ते आंकड़ों ने भी प्रशासन को परेशानी में डाल दिया है। मंगलवार को आए कोरोना के आंकड़ों ने शहरवासियों को भी चिंता में डाल दिया है। हालत यह है कि एक तरफ जहां डेंगू के मरीजों से अस्पताल भरे हुए है वहीं अब डर सता रहा है कि अगर इसी तरह कोरोना संक्रमितों की संख्या में इजाफा होता है तो दूसरी लहर की तरह एक बार फिर जबलपुर को समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।**



वीडियो देखने के लिए यश भारत फेसबुक पर जाएं

## मॉस्क लगाएं, भीड़ से बचें, घरों की साफ सफाई पर दें विशेष ध्यान

यशभारत प्राईम टाईम विद आशीष शुक्ला में आज हमने इसी विषयपर प्रख्यात मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ परिमल स्वामी सहित कलेक्टर कर्मवीर शर्मा और पुलिस अधीक्षक सिद्वार्थ बहुगुणा से चर्चा की।

### वैक्सीनेशन से संक्रमण की तीव्रता कम

डॉ परिमल स्वामी के अनुसार विदेशों में कोरोना की स्थिति को देखते हुए कहा जा सकता है वैक्सीनेशन के बाद संक्रमण की तीव्रता कम हो जाती है। जिस कारण से अस्पतालों में दबाव भी कम देखा गया है इसके साथ ही संक्रमित मरीजों को ऑक्सीजन देने और आईसीयू में जाने की संभावना भी क्षीण हो जाती है।

### निभाएं स्वंय की जिम्मेदारी

डॉ स्वामी के अनुसार अभी लोगों को डेंगू अपनी चपेट में ले रहा है। प्रशासन डेंगू की रोकथाम के लिये सक्रिय है बावजूद इसके लोगों की नैतिक जिम्मेवारी है कि वे अपने घरों में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें,घर में अगर कहीं पानी जमा हो तो उसे तुरंत निकाल फेंके ,जैसे कूलर,गमलों में इत्यादि इसके साथ ही डेंगू के लार्वा को तुरंत ही दवाई डालकर खत्म करें।

### तो अस्पतालों पर होगा भार

डॉ स्वामी कहते हैं कि डेंगू की रोकथाम करना अति आवश्यक है क्योंकि अगर कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा बढ़ता है तो अस्पतालों पर भी भार बढ़ जायेगा। मरीजों के लिये बेड सहित स्टॉफ की कमी का सामना करना पड़ सकता है। इसलिये सावधानी और सर्तकता से ही हम डेंगू और कोरोना संक्रमण से बच सकते है।





यशभारत प्राईम टाईम विद आशीष शुला में यातिलध मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ. परिमल स्वामी, कलेटर कर्मवीर शर्मा एवं एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा से चर्चा

### फिलहाल स्थिति कंट्रोल में

कोरोना के नये मरीजों के उनके पास इलाज हेतु आने की बात पर डॉ स्वामी कहते है कि फिलहाल अभी एक हफ्ते के अंदर कोई भी संक्रमित मरीज उनके पास अभी तक नहीं आया है। जिसके पीछे कारण वे वैक्सीनेशन का होना मानते है जिसके चलते संक्रमण की तीव्रता कम हो गयी है और मरीजों को अस्पताल तक पहुंचने की नौबत नहीं आ रही है।

### लापरवाही बढ़ा रही मरीजों की संख्या

डॉ परिमल स्वामी वर्तमान में कोरोना के बढ़ते आंकड़ों का मुख्य कारण आमजन की लापरवाही को मानते है। उनका कहना है कि जब कोरोना शुरू हुआ था तो लोग दहशत में थे लेकिन अब लोगों ने बचाव की ओर ध्यान देना बंद कर दिया है। वे न तो मॉस्क का ही उपयोग कर रहे है और न ही उनके द्वारा सोशल डिस्टेंसिग का पालन किया जा रहा है।

### युवा वर्ग छोड़ें लापरवाही

डॉ स्वामी का कहना है कि विशेष रूप से युवा वर्ग सुरक्षा को लेकर सतर्क नहीं है ,क्योंकि अगर उन्हें संक्रमण होता है तो उनकी इम्यूनिटी पावर तेज होने के कारण उसे सहन कर सकता है लेकिन परिवार के बुजुर्ग अगर उनके संपर्क में आते है तो उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिये जरूरी है कि युवा लापरवाही छोड़कर नियमों का पालन करें।

### और सोशल डिस्टेंसिग पर जोर

कलेक्टर कर्मवीर शर्मा का कहना है कि कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए हमें और सतर्क होना होगा। सोशल डिस्टेसिंग के साथ साथ व्यापारी भी कारोबार करें और नियमों का पालन करें। यदि किसी व्यक्ति को संक्रमित होने का जरा भी शक है तो उसे तुरंत अपनी जांच करवानी होगी।

### अब और सख्ती होगी

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा ने लोगों से कहा कि वे भीड़ में जाने से बचें। क्योंकि कोरोना के मरीज फिर बढ़ने लगे हैं ऐसे में सतर्कता जरूरी है सभी को मास्क लगाना अनिवार्य है। पुलिस का अभियान और तेज किया जाएगा और मास्क न लगाने वालों पर सख्ती की जाएगी।

---

बेलबाग में बवाल

# दो पक्षों में चाकूबाजी 3 युवक लहूलुहान

**जबलपुर, यशभारत।** थाना बेलबाग में देर रात दो पक्षों में जमकर बवाल हो गया। इस दौरान एक पक्ष ने चाकूबाजी कर दूसरे पक्ष के तीन युवकों को बुरी तरह घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने दोनों पक्ष की रिपोर्ट लिखकर मामले को जाचं में लिया है। पुलिस ने बताया कि आर्यन यादव उम्र 18 वर्ष निवासी ललित कालोनी ने पुलिस को बताया कि देर आज वह एवं गोलू समुद्रे तथा शुभांशू राय तीनों शुभांशू राय के घर के सामने खड़े थे। तभी लक्की उर्फ जय ठाकुर, वैभव ठाकुर, सागर ठाकुर आये और हम लोगों से लक्की ठाकुर ने निखिल श्रीवास्तव का पता पूछा तो शुभांशू राय ने कहा कि निखिल का पता हमें नहीं मालूम है । आप लोग यहां से चले जाओ इसी बात पर से तीनों गाली गलौज करने लगे, उसने गालियां देने से मना किया तो लकी उर्फ जय ठाकुर ने चीप का टुकड़ा उठाकर हमला कर उसके सिर में चोट पहुंचा दी। तथा तीनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। वहीं सागर ठाकुर उम्र 23 वर्ष निवासी छोटी ओमती खलासी लाईन ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त लक्की उर्फ जय ठाकुर एवं वैभव ठाकुर के साथ एक्सिस गाड़ी से पीडब्ल्यु कालोनी निखिल श्रीवास्तव को पूछने गया था। वहां पर शुभांशू मिला, जिससे निखिल श्रीवास्तव का पता पूछने पर शुभांशू ने कहा कि हमें पता नहीं मालूम है तो वह निखिल को मोबाइल पर कॉल करने लगा, लेकिन निखिल ने फोन नहीं उठाया उसी समय शुभांशू बोला कि तुम लोग जाओं यहां से उसके साथी लक्की ने कहा कि निखिल फोन उठा लेगा तो हम लोग चले जायेंगे। इसी बात पर शुभांशू ने अपने साथी आर्यन यादव एवं गोलू उर्फ आशीष को फोन करके बुला लिया और आर्यन एवं गोलू उर्फ आशीष से बहस होने लगी। आर्यन ने चाकू से हमला कर वैभव, लक्की एवं उसे चोट पहुंचा दी तथा तीनों गाली गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। मारपीट से वैभव एवं लक्की को लहूलुहान कर दिया। दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर, पुलिस ने प्रकरण विवेचना में लिया है।

**पुलिस ने दोनों पक्ष की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच में लिया**

---




पुलिस महानिरीक्षक उमेश जोगा का स्वागत करते आईजी भगवत सिंह चौहान व कार्यभार ग्रहण करते श्री जोगा

## शहर के ट्रेफिक और दुर्घटनाओं पर लगाएंगे लगाम

# माफियाओं को छोड़ेंगे नहीं : आईजी उमेश जोगा

**जबलपुर, यशभारत। आज बुधवार को पुलिस महानिरीक्षक उमेश जोगा ने पदभार ग्रहण किया। उन्हें वर्तमान आईजी भगवत सिंह चौहान ने कार्यभार सौंपा।**

इस दौरान श्री जोगा ने शहर के जर्जर ट्रेफिक और सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने को मुख्य चुनौती माना। इसके साथ ही शहर में माफिया राज को खत्म करने की बात कही। पदभार ग्रहण समारोह में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा, एड. एसपी रोहित काशवानी सहित सभी अधिकारी और स्टॉफ मौजूद रहा। इस दौरान पुलिस विभाग ने नवागत आईजी को सलामी दी। वहीं श्री जोगा ने सभी पुलिस अधिकारियों से आगामी त्योहारों में कानून व्यवस्थाएं बनाने के निर्देश दिए। 1997 बैच के आईपीएस उमेश जोगा मूल रुप से तेलंगाना के हैदराबाद के निवासी है। इन्होंने एमएससी तक शिक्षा प्राप्त कर, आईपीएस बने। रतलाम में 2009 से 2012 तक पुलिस अधीक्षक रीवा की कमान सम्हालने के बाद पदोन्नत होकर बतौर डीआईजी बलाघाट की कमान सम्हाली। जिसके बाद 2015 में आईजी रीवा की कुर्सी सम्हाली। वहीं 2018 में रीवा में आईजी के पद को शोभायमान किया। श्री जोगा 6 वीं बटालियन एसएएफ में आईजी जबलपुर रहे। जिसके बाद आज आईजी जबलपुर की कमान सम्हाली। **फोटो- अशोक बर्मन**

**आईजी भगवत सिंह चौहान ने सौंपा कार्यभार**

---

# अनुग्रह, छुट्टी नगदीकरण में जुड़ेगा महंगाई भाा

**जबलपुर यशभारत।** जनवरी 2020से जून2021के बीच सेवा निवृत्त हुए केन्द्रीय कर्मचारियों को मिलने वाली ग्रेच्यूटी और छुट्टी नगदीकरण मे महगाई भत्ता जोड़कर उसका भुगतान किया जाएगा ।उक्त भुगतान मानक आधार पर किया जाएगा ।यानी जनवरी2920जुलाई2020और जनवरी2021तक मूल्यसूचांक के आधार पर बढ़ गया डीए काल्पनिक रूप से जोड़ कर ग्रेच्युटी और छुट्टी नगदीकरण की गणना कर भुगतान किया जाएगा ।इस आशय के आदेश वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग ने7सितंबर को कर दिये हैं ।उल्लेखनीय है कि दिसंबर 2020 तक17फीसदी मंहगाई भत्ता दिया जाता था ।कोरोना महामारी के चलते मूल्यसूचांक के आधार पर जून2021तक मंहगाई भत्ता नहीं बढ़ाया ।इसके बाद सरकार ने क्रमशः वृद्धि के आधार पर मंहगाई भत्ते की घोषणा तो की लेकिन उसका एरियर्स नहीं दिया गया ।इस बीच जनवरी2020से जून2021 के बीच सेवानिवृत्त कर्मचारियों को ग्रेच्यूटी और छुट्टी नगदीकरण का भुगतान17 फीसदी के हिसाब से किया गया ।इस संबंध में अनेक श्रम संगठनों द्वारा मांग की गई थी कि उक्त दौरान सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को जनवरी2020से जुलाई2020और जनवरी2021से बढ़े मंहगाई भत्ते को जोड़ कर कर्मचारियों को ग्रेच्यूटी और छुट्टी अवकाश का नगदीकरण किया जाए ।क्योंकि इससे कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है ।जिस पर सरकार ने उक्त आदेश जारी किया है ।आदेश मे कहा गया है कि अब जनवरी2020सेजून2020 में सेवानिवृत्त होने वालों की ग्रेच्युटी और छुट्टी नगदीकरण की गणना21फीसदी जुलाई2020से दिसंबर2020तक सेवानिवृत्तों के24फीसदी और जनवरी2021से जून2021के बीच सेवानिवृत्ति वालों की ग्रेच्युटी और छुट्टी का नगदीकरण28फीसदी डीए जोड़ कर गणना की जायेगी। उल्लेखनीय है कि मूल वेतन और डीए को मिला कर ग्रेच्यूटी और पेंशन के निर्धारण गणना की जाती है ।आदेश मे यह भी कहा गया है कि नयी पेंशन योजना और सी सी एस रूल्स1972के तहत आने वाले कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति हेतु इसी आधार पर गणना मानलो( नोशनल) के आधार पर की जाकर उसका लाभ दिया जाएगा ।शेष सेवा काल के दौरान बढ़े डीए का एरियर का भुगतान नहीं किया जायेगा।

**केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालय ने जारी किए आदेश**

---



## नए एसआरपी ने संभाला कार्यभार

**जबलपुर यश भारत।** नए पुलिस अधीक्षक रेल विनायक वर्मा ने आज गुरुवार को पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद रेल डीएसपी, इंस्पेक्टर और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक ली उल्लेखनीय है कि पूर्व में पुलिस अधीक्षक रेल रहे सुनील कुमार जैन कटनी पुलिस अधीक्षक बनने के बाद विदिशा से तबादला होकर आए विनायक वर्मा ने आज दोपहर में पदभार संभाला ।

---

कलेटर ने चिकित्सकों दी बधाई

# मेडिकल में 2 साल के बच्चे का हुआ दूरबीन से पथरी का ऑपरेशन

**जबलपुर।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर के सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के यूरोलॉजी विभाग में 2 साल के बच्चे की किडनी की पथरी का दूरबीन से जटिल ऑपरेशन किया गया । विदित हो बच्चों के पथरी के दूरबीन के ऑपरेशन काफी जटिल माने जाते हैं और इनको करने के लिए काफी विशेषज्ञता की जरूरत होती है । यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ फणींद्र सोलंकी द्वारा बताया गया कि बच्चे को दाएं किडनी में दर्द तथा बार बार बुखार आने की समस्या थी ।जिसके लिए जांचों के बाद पूरी किडनी में पथरी होने का पता चला । इस पथरी में यह खासियत थी कि यह सामान्य एक्सरे में नहीं दिखाई दे रही थी जिसकी वजह से यह ऑपरेशन और भी जटिल हो गया था। परंतु मेडिकल कॉलेज के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा बच्चे का सफल ऑपरेशन कर पथरी पूर्णता निकाल दी गई। ऑपरेशन में यूरोलॉजी विभाग के डॉ फणींद्र सोलंकी, डॉ अर्पण चौधरी, डॉ अविनाश ठाकुर, डॉ प्रशांत पटेल, डॉ अनुराग दुबे एवं एनेस्थीसिया विभाग के डॉ मीना सिंह, डॉ कमल राज एवं डॉ अनिवेश जैन का योगदान रहा ।इस सफलता के लिए कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा ने चिकित्सकों को बधाई दी।






---

# स्टेशन में मजिस्ट्रेट चेकिंग यात्रियों में हड़कंप , हजारों वसूले

**जबलपुर यश भारत।** मुख्य रेलवे स्टेशन मैं आज सुबह से चली मजिस्ट्रेट चेकिंग से बिना टिकट यात्रियों में हड़कंप मच गया। बिना टिकट यात्रियों ने इधर-उधर भागने का प्रयास किया गया जिन्हें आरपीएफ ने पकड़ कर चेकिंग अभियान टीम के सुपुर्द किया गया जिनके विरुद्ध करीब 80 बिना टिकट यात्रियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई । इस दौरान चेकिंग दल द्वारा 50 हजार जुर्माना बिना टिकट यात्रियों से वसूला गया । प्लेटफार्म नंबर एक से लेकर 6 तक के सभी प्लेटफार्म में दल बल के साथ मजिस्ट्रेट चेकिंग के दौरान एसीएम पंकज दुबे कमर्शियल इंस्पेक्टर रविकांत सीटीआई मनोज शर्मा सहित आबदी. गोविंद लोधी अनिमेष साहू वीरेंद्र यादव सियाराम एवं एवं अन्य टीटीई स्टाफ मौजूद रहा ।वही जबलपुर से गुजरने वाली अन्य गाड़ियों को चेक किया गया जिसमें काफी यात्री बिना टिकट रेल यात्रा करते हुए पाए गए जिनके विरुद्ध चेकिंग स्टाफ द्वारा कार्रवाई करते हुए जुर्माना ठोका गया इसके साथ ही स्टेशन परिसर मैं बिना मास्क के घूम रहे यात्रियों के विरुद्ध भी कार्रवाई करते हुए उनको मास्क लगाने की हिदायत भी दी गई।















स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )